




# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 155 | कोरबा, रविवार , दिनांक 08 मार्च 2026 डाक 09 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार में उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।



**देश-विदेश**
खाड़ी में फंसे हजारों पर्यटक, क्रूज कंपनी ने शुरू किया राहत अभियान, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद



**कोरिया पेज**
भरतपुर की बेटी दर्शना सिंह ने यूपीएससी में लहराया परचम, हासिल की 383 वीं रैंक




# 6 महीने तक लड़ सकता है ईरान, आईआरजीसी का इजरायल-यूएस को अल्टीमेटम, नेतन्याहू बोले- अभी और सरप्राइज दूंगा

**नईदिल्ली 08 मार्च [ एजेंसी ]।** नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच काफी दिनों से संघर्ष चल रहा है, जिसका खामियाजा पूरा मिडिल ईस्ट उठा रहा है। इन तनाव के कम होने की संभावना भी अभी नजर नहीं आ रही।अमेरिका और इजरायल जहां साथ मिलकर ईरान पर हमला कर रहे हैं। वहीं ईरान भी अपनी मिसाइलों से जवाब दे रहा है। ईरान ने दावा किया है कि वह अगले छह महीनों तक इसी तरह संघर्ष को जारी रख सकता है।इजरायल ने ईरान के तेल भंडारण की ज पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का दावा है कि ईरान के लिए आगे कई सरप्राइज हैं।इजरायल ने ईरान के तेल स्टोरेज साइट्स पर बमबारी की है। शनिवार को तेहरान और पड़ोसी शहर करज में जोरदार धमाके हुए। इजरायली सेना ने कई फ्यूल स्टोरेज कॉम्प्लेक्स पर हमला किया है, जिससे आसमान में आग और धुएं का गुबार उठा।सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हमला किए गए



इलाकों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठती दिख रही हैं।स-इजरायल ने ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर कई हमले थे, जिसमें तेहरान और अल्बोर्ज प्रांतों में कई तेल स्टोरेज डिपो को निशाना बनाया गया।ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने आज रविवार को फार्स न्यूज एजेंसी को दिए एक बयान में कहा कि ईरान कम से कम छह महीने तक अमेरिका और इजरायल के साथ तीव्र संघर्ष कर सकता है।रिपोर्ट के अनुसार गार्ड्स के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की आर्म्ड फोर्स मौजूदा ऑपरेशन की रफ्तार से कम से कम 6 महीने तक संघर्ष जारी रखने में सक्षम है।गार्ड्स ने दावा किया कि उन्होंने पूरे क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायली बेस और इनकी सुविधाओं से जुड़ी 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया है।

## दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती, चीन ने यूएस-इस्राइल के ईरान युद्ध की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत-चीन सहयोग और ब्रिक्स में संयुक्त नेतृत्व की अहमियत पर जोर दिया। वांग ने पश्चिम एशिया संकट के बीच ईरान युद्ध को समाप्त करने का भी आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पश्चिम एशिया में तुरंत शांति स्थापना की मांग करते हुए अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की और संकेत दिया कि क्षेत्रीय अशांति अमेरिका के साथ स्थिर संबंधों को प्रभावित नहीं करेगी। राष्ट्रीय जनसमूह कांग्रेस के सत्र के दौरान वार्षिक उच्च स्तरीय ब्रीफिंग में वांग ने कहा शक्ति का मतलब हमेशा सही नहीं होता और ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की। उन्होंने जोड़ा यह युद्ध कभी नहीं होना चाहिए था और किसी के भी हित में नहीं है। रंगीन क्रांतियों या शासन परिवर्तन की साजिश को जनता का समर्थन नहीं मिलेगा। बीजिंग में पत्रकारों से बात करते हुए वांग यी ने कहा दुनिया को जंगल के कानून पर लौटने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई तुरंत समाप्त होनी चाहिए। इन टिप्पणियों का वक्तव्य उस समय आया है जब अमेरिका और चीनी राष्ट्रपति के बीच बीजिंग में शिखर बैठक की योजना है।

## नासिर-जुनैद हत्याकांड में बंद मोनू मानेसर को जमानत

**बुलेटप्रुफ जैकेट में रिहा, भारी पुलिस बल की तैनाती**



**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में ढाई साल से अधिक समय तक जेल में बंद रहे गौ रक्षक मोनू मानेसर को जयपुर हाईकोर्ट से मिली जमानत के बाद सेवर जेल से रिहा कर दिया गया। मोनू मानेसर की रिहाई के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है, जबकि पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मोनू मानेसर को जेल से बाहर लाते समय बुलेटप्रुफ जैकेट पहनाया गया और हरियाणा से आए गौ सेवकों ने उन्हें लेने के लिए पहुंचकर उनका स्वागत किया। पुलिस की गाड़ियों ने उनकी गाड़ी को एस्कॉर्ट किया। मोनू मानेसर के वकील ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद ढाई साल बाद उनका क्लाइंट आजादी में आया है। हमारा क्लाइंट निर्दोष है और उसे फंसाया गया था। जल्द ही न्याय मिलेगा। यह मामला 15 फरवरी 2023 को राजस्थान के डीग जिले के घाटमिका निवासी नासिर और जुनैद की हत्या से जुड़ा है। दोनों पर गौ तस्करी का आरोप लगाया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि उनकी हत्या कर शवों को जला दिया गया। 15 फरवरी को गोपालगढ़ थाने में दोनों के लापता होने की एफआईआर दर्ज हुई। अगले दिन हरियाणा के भिवानी में एक गाड़ी मिली, जिसमें दो कंकाल पाए गए। जांच में दोनों की पहचान नासिर और जुनैद के रूप में हुई।

## ईरान युद्ध के कारण दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट पर 100 उड़ानें रद्द, यात्रियों को हो रही परेशानी

**नईदिल्ली 08 मार्च [एजेंसी]।**

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उड़ानों के संचालन पर असर पड़ा है। शनिवार को दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर कम से कम 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। अधिकारियों के मुताबिक, मुंबई एयरपोर्ट पर रवाना होने वालीं 35 उड़ानें और आने वाली 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इसी तरह दिल्ली एयरपोर्ट पर रवाना होने वाली 22 उड़ानें और जाने वाली 17 उड़ानें रद कर दी गईं। दिल्ली एयरपोर्ट के ऑपरेटर डायल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात की वजह से पश्चिम की ओर जाने वाली कुछ उड़ानों में देरी हो सकती है या शेड्यूल में बदलाव हो सकता है।

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर कब्जे की बड़ी तैयारी!

**नईदिल्ली 08 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका-इजरायल ईरान पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं, ईरान भी पलटवार जारी रखे हुए है। जिसके चलते मिडिल ईस्ट में तनाव घटने की बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच एक्सियोस की रिपोर्ट ने सनसनी फैला दी है। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल ईरान के परमाणु स्टॉक को अपने नियंत्रण में लेने के



लिए वहां अपनी स्पेशल फोर्स भेजने के विकल्प पर विचार कर रहे हैं। दरअसल, एक्सियोस ने शनिवार को चर्चा की जानकारी रखने वाले चार सोर्स का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि अमेरिका और इजरायल मिडिल ईस्ट में जारी तनातनी के बीच अब ईरान में स्पेशल फोर्स भेजने पर चर्चा की है। ईरान के पास यूरनियम का जो भंडार है, उस पर अमेरिका और इजरायल कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं। ईरान के पास यूरनियम का जो भंडार है, उस पर अमेरिका और इजरायल कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं।

## पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक डीजीपी विश्वरंजन का निधन हो गया. उन्होंने पटना में बीती रात अंतिम सांस ली. कार्डियक समस्या के बाद पिछले महीने में पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज चल रहा था। विश्वरंजन 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन की तबीयत गंभीर बनी हुई थी। उन्हें पिछले महीने पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें कार्डियक संबंधी गंभीर समस्या हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था।

## कोमिल्ला में मंदिर के पास विस्फोट, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका, तीन घायल



**ढाका, 08 मार्च [एजेंसी]।**

बांग्लादेश के कोमिल्ला शहर में कलागाछितला मंदिर और पास की सड़क के पास हुई सिलसिलेवार पेट्रोल बम धमाकों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मंदिर के पुजारी केशव चक्रवर्ती और स्थानीय निवासी अब्दुल बारेक शामिल हैं। तीसरे घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना शनिवार शाम (07 मार्च) की है, जिसके चलते सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका जताई जा रही है। कोमिल्ला पुलिस अधीक्षक मो. अनीसुज्जमान ने बताया कि पुजारी और दो अन्य, जिनमें एक राहगीर भी शामिल है, विस्फोटों में घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। कोटवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी मो. तौहीदुल अनवर ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर लिया है और घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, इस समय, हम मकसद की पुष्टि नहीं कर सकते या विस्फोटों के पीछे के लोगों की पहचान नहीं कर सकते। हालांकि, अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार शाम करीब 6.28 बजे एक नकाबपोश व्यक्ति एक बैग लेकर मंदिर परिसर में घुसता है।

आसपास कई अन्य लोग भी खड़े दिखाई दे रहे थे। बैग रखने के बाद नकाबपोश व्यक्ति भाग गया, और कुछ ही क्षणों बाद एक विस्फोट हुआ, जिसमें पुजारी केशव चक्रवर्ती घायल हो गए। उन्हें बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने भागते समय पास के एक बौद्ध मंदिर और आस-पास की सड़क पर दो और क्रुड बम विस्फोट किए। हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद, कोमिल्ला इकाई के महासचिव तपस बख्शी ने कहा कि यह हमला सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से किया गया हो सकता है। उन्होंने कहा, पुलिस ने घटनास्थल से एक कुल्हाड़ी और एक बैग सहित कुछ सबूत जब्त किए हैं। हम इस घटना की उचित जांच की मांग करते हैं। ऐसे ही एक श्यामलाल कृष्ण साहा ने भी कहा कि हमले का उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था। उन्होंने कहा, इलाके में एक बौद्ध मंदिर, दो हिंदू मंदिर और एक मस्जिद है। ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटों को इस स्थान को लक्षित करके अंजाम दिया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**नईदिल्ली 08 मार्च [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। वह अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव को मजबूत बनाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में लिखा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। जब नारी शक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करती है और साहस के साथ नेतृत्व करती है, तो वह एक अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव को मजबूत बनाती है। उन्होंने आगे लिखा, इस अवसर पर आइए हम यह सामूहिक संकल्प दोहराएं कि ऐसा समाज बनाएंगे जहां हर महिला को आगे बढ़ने और सम्मान, सुरक्षा व स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने के समान अवसर मिलें। साथ मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं, जहां महिलाओं की आकांक्षाएं और उपलब्धियां एक अधिक समान और न्यायपूर्ण भविष्य का निर्माण करें। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नारी शक्ति को बधाई देते हुए पोस्ट में लिखा, समाज में नारी शक्ति की बेमिसाल भूमिका के लिए मानवता उनका ऋणी है। पीढ़ियों को पाल-पोसकर बड़ा करना और वैज्ञानिक और आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाना, वे हमारी जिंदगी के हर पहलू में योगदान देती हैं। इसी गहरी कृतज्ञता से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास की परिकल्पना की है, जहां महिलाएं अब सिर्फ प्रगति की साक्षी नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बनकर हमारे देश को महानता की ओर ले जाने वाली अग्रदूत हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं, जिनकी शक्ति, समर्पण और दृढ़ संकल्प हमारे राष्ट्र को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा कर रहे हैं और नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा व राष्ट्र निर्माण में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम बना रहे हैं। मैं भारत की नारी शक्ति के संकल्प, धैर्य और उनके अमूल्य योगदान को नमन करता हूं।

## रेस्टोरेंट में घुसकर फायरिंग, वेटर की मौत, गैंगस्टर प्रिंस खान ने मांगी थी एक करोड़ की रंगदारी

**रांची 8 मार्च।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार रात करीब दो अपराधियों ने एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के टीटॉस रेस्टोरेंट के भीतर अंधाधुंध फायरिंग की। घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष गोप के रूप में हुई है, जो रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता था। बताया जा रहा है कि अपराधी रेस्टोरेंट मालिक राजकुमार गोप की हत्या के इरादे से पहुंचे थे। उन्हें 25 दिसंबर को गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ की रंगदारी के लिए धमकी दी थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि वारदात के पीछे प्रिंस खान का गिरोह हो सकता है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घटना को दो अपराधियों ने अंजाम दिया, जो बाइक से रात करीब 8.30 बजे रेस्टोरेंट पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक आरोपी बाइक स्टार्ट कर सड़क किनारे खड़ा रहा, जबकि दूसरा आरोपी रेस्टोरेंट के अंदर घुस गया और वहां फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावर ने करीब चार राउंड गोलियां चलाईं। इसी दौरान एक गोली मनीष गोप के पेट में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला

**प्रयागराज, 08 मार्च [एजेंसी]।**

श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्य वादी आशुतोष ब्रह्मचारी पर चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रीवा एक्सप्रेस में उन पर धारदार हथियार से अटैक हुआ, नाक काटने की कोशिश की गई। उन्होंने इस हमले के पीछे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके सहयोगियों की साजिश होने का आरोप लगाया है। मामले में प्रयागराज के जीआरपी थाने में



लिखित शिकायत दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक, हमला उस समय हुआ, जब वे रीवा एक्सप्रेस से प्रयागराज आ रहे थे। उनका कहना है कि ट्रेन फतेहपुर और सिराथू के बीच पहुंचने वाली थी और इसी दौरान वे टॉयलेट जाने के लिए उठे थे. तभी एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमलावर ने सीधे उनकी नाक पर वार करने की कोशिश की और कई जगहों पर चोट पहुंचाई। अचानक हुए इस हमले से ट्रेन के डिब्बे में अफरा-तफरी मच गई। आशुतोष ब्रह्मचारी का दावा है कि उन्होंने हमलावर का सामना किया और किसी तरह अपनी जान बचाई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 'शिवाय हॉस्पिटल' का भव्य शुभारंभ मंत्री लखन लाल देवांगन ने रिबन काटकर जनता को किया समर्पित

**कोरबा 08 मार्च ।**



औद्योगिक नगरी कोरबा के निवासियों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में रविवार का दिन एक नई उम्मीद लेकर आया। शहर के हृदय स्थल टी.पी. नगर (न्यू बस स्टैंड) में शिवाय हॉस्पिटल का गरिमामय उद्घाटन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अस्पताल का फीता काटकर इसे जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह ने की। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर और भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शुभारंभ अवसर पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कोरबा जिले के लिए आज का दिन स्वास्थ्य सेवाओं में एक मील का पत्थर है। शिवाय हॉस्पिटल जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं वाले संस्थान के खुलने से अब हमारे शहर के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े महानगरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। यह अस्पताल न केवल आधुनिक मशीनों से लैस है, बल्कि यहाँ के अनुभवी डॉक्टर और पारदर्शी व्यवस्था आम जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी। शहरवासियों ने भी अस्पताल प्रबंधन को दी शुभकामनाएं .शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।

**अस्पताल की प्रमुख विशेषताएं :** शिवाय हॉस्पिटल को एक सुपरस्पेशलिटी सेंटर के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। **बिस्तरों की क्षमता :** 100 बेड वाला सर्वसुविधायुक्त परिसर। **तकनीक:** अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और मशीनों से लैस। अनुभवी डॉक्टरों की टीम और कुशल नर्सिंग स्टाफ। आपातकालीन सेवा: मरीजों के लिए 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध। पारदर्शिता: प्रबंधन ने पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था का भरोसा दिलाया है।

अस्पताल के संचालक डॉ. दिविक एच. मित्तल (न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन), आशिष भावनानी और डॉ. यशा मित्तल ने साझा किया कि उनका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधा देना है। उन्होंने कहा कि अक्सर गंभीर बीमारियों के लिए मरीजों को बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब शिवाय हॉस्पिटल के माध्यम से कोरबा में ही उच्च स्तरीय उपचार संभव होगा।

## राम मंदिर में मनाया गया होली संग महिला दिवस

### ममता यादव बनीं 'वुमन ऑफ द डे'

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के डीडीएम रोड स्थित आस्था स्थल राम मंदिर परिसर में वैदेही सखी मंडल द्वारा होली मिलन और महिला दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित गेम्स के माध्यम से श्रीमती ममता यादव को 'वुमन ऑफ द डे' चुना गया, जिन्हें क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 70 महिलाओं ने भजनों और फिल्मी गीतों पर नृत्य कर खूब आनंद लिया। आयोजन में संरक्षक कांता अग्रवाल, अध्यक्ष मीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष सावित्री, चंपा, रुक्मिणी, मीना, कोषाध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल और सचिव अनीता सिंघल सहित मंडल की सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अंत में सभी ने चटपटे व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## मंगेशकर को मिली जिला उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी- युवाओं में खुशी की लहर

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर डेनियल मंगेशकर को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला कोरबा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से की गई है। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सनम जागड़े के अनुमोदन तथा भाजपा कोरबा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश लहरे ने जिला कोरबा के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की घोषणा करते हुए डेनियल मंगेशकर को यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद डेनियल मंगेशकर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हितों और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डेनियल मंगेशकर को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कोरबा में संगठन और अधिक सक्रिय होगा।

## पूर्व पार्षद लुकेश्वर चौहान को संगठन ने दी जिम्मेदारी

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय ऊर्जावान तेज-तर्रार, भूतपूर्व वार्ड अध्यक्ष, भूतपूर्व युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा के अध्यक्ष, दो बार मंडल में महामंत्री, दो बार वार्ड 39 कैलाशनगर से पार्षद, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, एनजीओ प्रकोष्ठ में जिला कार्यसमिति सदस्य, एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफलता पूर्वक अपना दायित्व का निर्वाह कर चुके पूर्व पार्षद लुकेश्वर चौहान को संगठन ने अहम जिम्मेदारी दी है।

बालको क्षेत्र में भाजपा संगठन में सबसे लंबा अनुभव रखने एवं इनके अनुभव एवं कार्य को देखते हुए इनको भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। लुकेश्वरी चौहान का बालको क्षेत्र के युवा वर्ग एवं महिला वर्ग के मतदाता में अच्छी पकड़ माना जाता है। साथ ही सामाजिक एवं स्थानीय कर्मचारियों, मजदूर वर्ग में भी इनकी पकड़ सबसे मजबूत मानी जाती है। इनके भाजपा संगठन जिला मंत्री बनने से निश्चित ही पार्टी को सामाजिक एवं स्थानीय क्षेत्र में लाभ होगा। बालको भाजपा मंडल में इनको बूथ मैनजमेंट गुरु के नाम से जाना जाता है। लुकेश्वर चौहान ने जिला मंत्री बनने पर सभी प्रदेश संगठन, जिला संगठन, मंत्री, विधायक, रायपुर सह संगठन प्रभारी, भाजपा जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित सबका आभार जताया है।

## कटघोरा में स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन

**कटघोरा ।** मार्च 2026,सांस्कृतिक भवन कटघोरा में स्वस्थ पंचायत सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा क्षेत्र की विधायक मा. प्रेमचंद पटेल,कार्यक्रम के अध्यक्षता पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश यादव, अभिषेक गर्ग,संजय शर्मा उपस्थित रहे।मंचस्थ अतिथियों का स्वागत



किया गया।

विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मितानिन बहनों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। सबसे अधिक कार्य मितानिन द्वारा की जाती है।डॉ.पवन सिंह ने कहा* कि 'गांव का हर परिवार जब स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक होगा,तभी स्वस्थ पंचायत का सपना साकार होगा।सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। डॉ.पवन ने आगे कहा मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। सम्मेलन में 500 से अधिक मितानिन बहनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सम्मेलन में जिलेभर से पहुंची 500 से अधिक मितानिन बहनों ने स्वास्थ्य,स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।स अवसर पर राजेश यादव (प्रदेश सह संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं जिला संयोजक मितानिन), रघुराज उइके (पूर्व सदस्य युवा आयोग), संजय शर्मा अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह,पियुष में मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।

## कटघोरा को जिला बनाओ अभियान में पौड़ी तानाखार विधायक भी शामिल

**कोरबा ।** कटघोरा स्थित अधिवक्ता संघ बार रूम में पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर सिंह का आगमन हुआ। अधिवक्ता संघ कटघोरा द्वारा जोरदार



स्वागत किया गया।इस अवसर पर उन्होंने अधिवक्ता साथियों से आत्मीय मुलाकात की तथा क्षेत्र की न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा भी किया गया।इसके पश्चात विधायक ने अधिवक्ता संघ कटघोरा द्वारा 'कटघोरा को जिला बनाओ' की मांग को लेकर चल रहे क्रमिक धरना-प्रदर्शन स्थल पर पहुँचकर आंदोलन को अपना खुला समर्थन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की इस जनभावना को शासन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के लिए वे सदैव साथ खड़े हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता साथियों ने भी एकजुट होकर कटघोरा को जिला बनाए जाने की मांग को मजबूती से उठाया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

# मैं कलेक्टर हूँ, आपकी समस्याएँ सुनने आया हूँ





**कोरबा ।** जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम नकिया में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत पीवीटीजी ग्रामीणों के बीच पहुँचे। ग्रामीणों की उत्सुक निगाहें कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों पर टिकी थीं। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सहजता से कहा, मैं कलेक्टर हूँ, आप मुझे पहचानते हैं न, मैं आपकी समस्याएँ सुनने आया हूँ। आपका गाँव बहुत सुंदर है। राशन मिल रहा है न? महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आ रही है न? आप लोग बताइए, आपके गाँव में क्या चाहिए?

आम के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर कलेक्टर श्री दुदावत ने कोरबा विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम लेमरू, नकिया और श्यांग क्षेत्र का दौरा कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्राम नकिया में उन्होंने पीवीटीजी परिवारों और ग्रामीणों के बीच दोपहर में चौपाल लगाकर उनकी समस्याएँ सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने बाजार शेड निर्माण, आश्रित ग्राम कोतरा डाँड़ तक सड़क, ग्राम खराखेत पारा में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, नकिया में विद्युतीकरण, पीएम आवास सहित अन्य कई मांगें रखीं। कलेक्टर ने इन सभी मांगों का परीक्षण कर यथासंभव शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया।

ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने उनसे शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली। कुछ महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की राशि खाते में नहीं आने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित बैंक को सोमवार को गाँव में शिविर लगाकर जाँच करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने ग्रामीणों को खेती-किसानी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बोर के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी गाँव के किसानों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कृषि अधिकारी को केवीके के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ग्रामीणों को कलेक्टर ने बताया कि सभी का सर्वे किया जा चुका है। जो ग्रामीण सर्वे से छूट गए हैं, वे आवेदन दे सकते हैं। नया लक्ष्य प्राप्त होते ही आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। किसी को भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है।कलेक्टर ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि विगत माह फरवरी में कुछ स्थानों पर चावल वितरण नहीं हो पाया था, इसलिए मार्च में राशन दुकानों से फरवरी माह का चावल भी उपलब्ध कराया जाएगा। वन अधिकार पत्र के संबंध में मांग आने पर उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम सभा से अनुमोदन कर जानकारी प्रस्तुत करने को कहा।नकिया में विद्युतीकरण के लिए कलेक्टर ने विद्युत विभाग को परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गाँव की सरपंच श्रीमती रमिला मंझवार से भी चर्चा की और निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बाजार शेड और सीसी सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत के सीईओ को ग्राम नकिया की अलग रिपोर्ट तैयार कर समस्याओं को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्राम नकिया में प्रधानमंत्री आवास को शीघ्र पूर्ण करने वाले पहाड़ी कोरवा हितग्राही वीरूराम और शाम कुंवर को सम्मानित भी किया।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज कुमार गुरभेले, एसडीएम सरोज महिलांगे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू में उपलब्ध हों समुचित सुविधाएँकलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी को निर्देशित किया कि अस्पताल में रक्त जांच के लिए लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने उपलब्ध दवाओं की जानकारी लेते हुए अन्य आवश्यक दवाइयाँ सीजीएमएससी के माध्यम से मंगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रेसिंग के लिए कॉटन सहित अन्य जरूरी सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा आपात स्थिति में उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव को सुनिश्चित करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने तथा अस्पताल में प्रसव की सुविधा सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि लेमरू स्वास्थ्य केंद्र में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपचार के लिए आते हैं। इसलिए यहाँ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होना आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ को समय पर उपस्थित रहने तथा मरीजों का समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।जून माह तक पूर्ण करें चिर्रा-श्यांग मार्गकलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने अंतिम छोर के ग्राम श्यांग को जोड़ने वाले चिर्रा-श्यांग सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि जून माह तक मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कार्य की गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाने तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

## पी.एम. सेजेस करतला का औचक निरीक्षण: कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दिए व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने पी.एम. श्री सेजेस करतला विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रत्येक कक्षा, कंप्यूटर कक्ष, प्रायोगिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा खगोल प्रयोगशाला का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं और विद्यालय में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कुछ कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन दिनों के भीतर पूरे परिसर की समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि सभी विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से कंप्यूटर तथा खेल (स्पोर्ट्स) की कक्षाएं अनिवार्य रूप से संचालित की जाएं, ताकि बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास संतुलित रूप से हो सके।उन्होंने विद्यालय परिसर में पड़े टूटे हुए फर्नीचर के संबंध में भी निर्देश दिए कि जो फर्नीचर मरम्मत योग्य है, उसे तत्काल ठीक कर उपयोग में लाया जाए तथा जो पूरी तरह अनुपयोगी हो, उसे कबाड़ विक्रेता को बेचकर प्राप्त राशि को विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के हित में खर्च किया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करतला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना: मातृशक्ति के हाथों से संवर रहा बेटियों का भविष्य'

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत कर रही है।कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र पोड़ीबहार निवासी श्रीमती परमेश्वरी प्रजापति भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में नया बदलाव महसूस कर रही हैं। एक साधारण गृहिणी के रूप में वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करती रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण कई बार घरेलू खर्च और बच्चों के भविष्य को लेकर उन्हें चिंता होती थी। ऐसे में जब उन्हें महतारी वंदन योजना की जानकारी मिली और उन्होंने इसके लिए आवेदन किया, तो यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं रही बल्कि उनके जीवन में उम्मीद और आत्मविश्वास का नया अध्याय बन गई।योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। इस राशि का उपयोग वे घर के दैनिक खर्चों में सहयोग करने के साथ-साथ अपनी दो बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बचत करने में कर रही हैं।



इसके अलावा घरेलू आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति तथा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी यह राशि उनके लिए सहायक सिद्ध हो रही है।उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि उनके मन में आत्मविश्वास भी जगाया है। अब उन्हें पहले की तुलना में अधिक भरोसा और आत्मबल महसूस होता है। उनका कहना है कि इस तरह की योजनाओं से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है और वे अपने परिवार के साथ समाज के विकास में भी योगदान दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया आधार मिला है। अब उन्हें छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार महिलाओं के हित में योजनाएं संचालित होती रहीं, तो समाज में महिलाओं की स्थिति और अधिक सशक्त होगी।उन्होंने जनकल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाएं पहले से कहीं अधिक आशा और विश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के प्रति सदैव प्रशंसनीय रही है और इससे समाज में परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

कोरबा। जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र के भारतमाला मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार डिवाइडर से टकराने के बाद फिल्मी अंदाज में बीच सड़क पर पलट गई। इस हादसे में कोरबा के व्यापारी घायल हुए हैं। वहीं वाहन चालक की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार महिंद्रा बोलेरो न्यूओ में कोरबा के सीतामणी मुख्य मार्ग निवासी गौरव अग्रवाल सवार थे। वे स्वयं वाहन चला रहे थे और बिलासपुर से कोरबा वापस लौट रहे थे बताया जा रहा है कि रास्ते में झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में घायल गौरव अग्रवाल को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।सूचना मिलते ही हरदी बाजार पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और घायल का हालचाल लिया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# यूनेस्को के वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे 2026 के लिए अदाणी को बनाया ऑफिशियल पार्टनर

**स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के मामले में अग्रणी भूमिका ने खींची बड़ी लकीर**

**कोरबा।** भारत के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर, अदाणी ग्रुप को वर्ष 2026 के वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के आधिकारिक पार्टनर के रूप में नामित किया गया है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया है और वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित किया जाता है।

यह सम्मान स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को तेज़ करने में अदाणी ग्रुप की अग्रणी भूमिका को दर्शाता है। साथ ही बड़े स्तर पर स्वच्छ, भरोसेमंद और किफायती बिजली उपलब्ध कराने की इसकी क्षमता को भी मान्यता देता है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 7 में भी योगदान है।अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी, ने कहा, हम यह प्रदर्शित कर रहे हैं कि स्वच्छ ऊर्जा बड़े पैमाने पर भी हो सकती है और किफायती भी, मजबूत भी और सबको साथ लेकर चलने वाली भी। यह दुनिया के लिए भारत का मॉडल है, जहाँ विकास और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। हमारा खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट भारत की क्लाइमेट एक्शन का प्रतीक है। यह अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज की संयुक्त ताकत को दर्शाता है, जो एकीकृत रिन्यूएबल भविष्य की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।

वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे 2026 की थीम है- इनोवेशन और डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग। अदाणी ग्रुप का रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े स्तर के ट्रांसपोर्ट और यूटिलिटी सिस्टम में किया गया काम इसको प्रतिबिंबित करता है। यह दर्शाता है कि टेक्नोलॉजी आधारित इंजीनियरिंग वास्तविक परिस्थितियों में सतत विकास को कैसे आगे बढ़ा सकती है।इस सहयोग के केंद्र में गुजरात का खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट है, जिसे विश्व का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। वर्ष 2029 तक इसकी नियोजित क्षमता 30 गीगावॉट होगी। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशंस ने इसे वर्ल्ड इंजीनियरिंग डे 2026 कार्यक्रम के तहत भारत के हरित परिवर्तन का एक प्रमुख उदाहरण बताया है और इस पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की है, जिसमें इसके पैमाने, महत्वाकांक्षा और प्रभाव को रेखांकित किया गया है।

बताया गया कि अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) गुजरात (भारत) के कच्छ स्थित खावड़ा में बंजर और निर्जन भूमि पर दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र विकसित कर रही है। 538 वर्ग किलोमीटर में फैला यह प्रोजेक्ट पेरिस शहर से लगभग पाँच गुना बड़ा और लगभग मुंबई शहर के बराबर है। पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद यह सभी ऊर्जा स्त्रोतों में विश्व का सबसे बड़ा विद्युत संयंत्र होगा। एजीईएल अब तक खावड़ा में 7 गीगावॉट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू कर चुकी है और वर्ष 2029 तक पूरी 30 गीगावॉट क्षमता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। यह तेज़ प्रगति वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के भारत के लक्ष्य के प्रति एजीईएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।यह संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। इसमें भारत का सबसे बड़ा 5.2 मेगावॉट क्षमता वाला ऑनशोर पवन टरबाइन जनरेटर, बाइफेशियल सोलर पीवी मॉड्यूल और हॉरिजोंटल सिंगल-एक्सिस ट्रैकर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, संयंत्र के संचालन और निगरानी के लिए अदाणी के आधुनिक एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर (ईएनओसी) प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीक का समावेश है, ताकि रियल-टाइम स्वचालित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। कच्छ जैसे शुष्क क्षेत्र में जल की कमी को ध्यान में रखते हुए सोलर मॉड्यूल पर धूल जमाव से निपटने के लिए बिना पानी के सफाई करने वाले रोबोट भी तैनात किए गए हैं।

***नवीकरणीय ऊर्जा आज की आवश्यकता***

*खावड़ा 30 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र का अनुमानित वार्षिक योगदान क्या होगा, इसे ऐसे जान सकते हैं। इससे 15,200 से अधिक हरित रोजगार सृजित होंगे। सोलर मॉड्यूल की बिना पानी वाली रोबोटिक सफाई प्रणाली से 1,716 मिलियन लीटर पानी की बचत होगी। 63.6 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी होगी।यह उत्सर्जन कमी इसके बराबर है। 3,000 मिलियन पेड़ों द्वारा कार्बन अवशोषण 13.8 मिलियन कारों को सड़कों से हटाने के समान प्रभाव है। बताया गया है कि लगभग 87.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन, जो बेल्जियम, चिली और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की पूरी ऊर्जा जरूरत के बराबर है। 17.4 मिलियन घरों को बिजली आपूर्ति, जो पोलैंड, कनाडा या स्पेन के लगभग कुल घरों के बराबर है।*

***सामुदायिक अवसंरचना क लिए समूह प्रतिबद्ध***

*स्वच्छ, किफायती और सुलभ बिजली उत्पादन के साथ-साथ अदाणी आसपास के कई गाँवों में सामुदायिक विकास कार्यों में भी सक्रिय है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण और सामुदायिक अवसंरचना को मजबूत करना इसके ईएसजी प्रयासों का हिस्सा है। भारत सतत ऊर्जा के भविष्य पर वैश्विक विमर्श को नई दिशा दे रहा है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अदाणी पोर्टफोलियो की उसकी विशेष साझेदार इकाइयाँ वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने और पर्यावरण की सुरक्षा व संवर्धन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।*



## दृष्टिहीन आकांक्षा को मिली नौकरी, मां व बेटी सम्मानित

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया लीनेस क्लब सीजी-1 की शाखा लीनेस क्लब सक्ती ने सम्मान समारोह आयोजित किया। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मां से बेटी सवाई के तहत बाराद्वार की होनहार बेटी आकांक्षा सिंह और उनकी माता सुमन सिंह को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण आकांक्षा सिंह की प्रेरक जीवन यात्रा रही। स्कूली शिक्षा के दौरान ही आकांक्षा ने अपनी आंखों की रोशनी खो दी थी, लेकिन उनकी मां सुमन सिंह ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से आकांक्षा का हौसला बनाए रखा और उनकी पढ़ाई पूरी करवाई। आज आकांक्षा सिंह नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, कोरबा में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। लीनेस क्लब सक्ती की चार्टर अध्यक्ष शहनाज बानो ने कहा, बेटी सिर्फ एक संतान नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में शक्ति का स्वरूप है। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. शालू पाहवा, क्लब सचिव निकहत करीम मलिक, कोषाध्यक्ष प्रिया दुबे, पूर्व अध्यक्ष विजिया जायसवाल समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। जूनियर क्लब सक्ती की अध्यक्ष पायल साहू और कोषाध्यक्ष रागिनी साहू भी इस गौरवपूर्ण पल की साक्षी बने।

## नहर पुल पर कर रहे हैं पार्किंग

**जांजगीर।** नहर पुल के ऊपर इन दिनों ऑटो चालकों की लापरवाही के कारण आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं। नहर पुल के दोनों तरफ ऑटो, ई-रिक्शा और ट्रैक्टर खड़े रहने से सड़क संकरी हो जाती है। इससे राहगीरों और दोपहिया चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। लोगों में हादसे का डर लगातार बना हुआ है।

## महामाया मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ किया

**सक्ती।** फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन चंद्रग्रहण के अवसर पर 5 मार्च गुरुवार को महामाया मंदिर सक्ती में फूल होली के साथ सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने आपसी सौहार्द, नगर तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पाठ के दौरान हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। महामाया मंदिर में प्रति अमावस्या और पूर्णिमा को नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ किया जाता है, जबकि भक्तों द्वारा प्रसाद की व्यवस्था भी की जाती है। इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, बांसी देवांगन, हरी मिश्रा, फुलेश्वर गैवल, कुंजल, आत्मपतेल, नकूल देवांगन, बी.के. अग्रवाल, अमित सोनी, राजेंद्र सोनी, तुलसी राठौर, दिलीप, संतोष देवांगन व अन्य शामिल रहे।

## महिला दिवस पर नारी शक्ति स्वच्छता दौड़ कल

**शिवरीनारायण।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर नगर में नारी शक्ति स्वच्छता दौड़ आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में नगर प्रशासन उन महिला सफाई मित्रों को सम्मानित करेगा जो प्रतिदिन निस्वार्थ भाव से शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देती हैं। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे भी उपस्थित रहेंगे।

दौड़ 9 मार्च को सुबह 7 से 9 बजे तक होगी। इसकी शुरुआत नटराज चौक से होगी। मार्ग बॉम्बे मार्केट और थाना चौक से होते हुए मध्यनगरी चौक में समाप्त होगा। स्वच्छता दौड़ में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी, जिनमें स्व सहायता समूह की महिलाएं, छात्राएं, महिला दुकानदार, ठेला संचालक, स्वच्छता सखियां और महिला स्वच्छता कर्मी रहेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ होगी। इसमें प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करने, घर पर कचरा पृथक करने और सड़क पर कचरा न फैलाने का संकल्प दिलाया जाएगा। दौड़ के दौरान प्रतिभागी मार्ग में फैले कचरे को एकत्र कर स्वच्छता का संदेश भी देंगी। बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और ठेला संचालकों से नो प्लास्टिक और डस्टबिन उपयोग अपनाने की अपील की जाएगी। नगर प्रशासन ने शिवरीनारायण की सभी महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# सत्यनारायण ने कहा, सफलता के लिए सफल लोगों को बनाएं प्रेरणा

**शिवरीनारायण।** श्री महंत लाल दास कला और विज्ञान कॉलेज शिवरीनारायण के स्नातक द्वितीय और स्नातकोत्तर पूर्व के छात्र छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए विदाई और आशीर्वाद समारोह आयोजित किया।

मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए सफल व्यक्तियों से मिलकर सीखना चाहिए कि उन्होंने जीवन में कैसे कामयाबी हासिल की। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करना बड़ा धर्म कार्य है। कार्यक्रम के अध्यक्ष ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दुनिया में हर चीज एक दूसरे को देने के लिए ही है।

इससे पहले श्री महंत लाल दास शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने कहा कि जब सत्यनारायण शर्मा



शिक्षा मंत्री थे, तब उन्होंने बिना मांगे विद्यालय को कॉलेज का स्वरूप दिया था। यह कॉलेज उनकी प्रगतिशील सोच का परिणाम है। सभागार उनकी उपस्थिति में खचाखच भरा हुआ दिख रहा है।

अति विशिष्ट अतिथि तोय निधि वैष्णव ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। आभार संस्था के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में निरंजन लाल अग्रवाल, नारायण खंडेलिया, योगेश शर्मा, उदय राम कैवर्त, सुबोध शुक्ला, हेमंत दुबे, सुखराम दास, अशोक शर्मा, अनिल बरोडिया, जगदीश यादव, प्राचार्य आरके कश्यप, कमलेश पटेल, जेआर कश्यप, आशुतोष द्विवेदी, निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

## काम पूरा नहीं, नहर में पड़ने लगी दरार

**जांजगीर।** ग्राम पंचायत मुलमुला के बांधा तालाब में टोवॉल, पिचिंग और केनाल सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 95 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। करीब एक साल से जारी इस निर्माण में अब तक आधा हो पाया है। नहर की सीमेंट ढलाई कई स्थानों पर फटी हुई दिखाई दे रही है। यह नहर बांधा तालाब से मुक्तिधाम के सामने से खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बनाई जा रही है, जिससे आसपास के किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके। लेकिन निर्माण की स्थिति किसानों में चिंता पैदा कर रही है।

## बीच बचाव करना पड़ा महंगा

**जांजगीर।** अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरताल में विवाद शांत कराने गए एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है। घटना 3 मार्च की रात की है। पीड़ित फिरोज कुर्रे अपने घर में था। बाहर शोर सुनकर वह आंगन में निकला तो गांव का रूपेश उर्फ टिंगा अपने एक नाबालिग साथी के साथ विवाद कर रहा था। फिरोज ने बीच बचाव की कोशिश की तो शराब के नशे में धुत दोनों भड़क गए। इस दौरान आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू से फिरोज के पेट पर वार कर दिया।

# जरूरी जानकारी देने में आनाकानी करने पर सीएमएचओ को नोटिस

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में विधानसभा के प्रति लापरवाही बरतने पर प्रभारी सीएमएचओ डॉ. अनीता श्रीवास्तव को नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विधानसभा सचिवालय की ध्यानाकर्षण सूचना क्रमांक 56, दिनांक 25 फरवरी 26 की कार्यसूची में चर्चा प्रस्तावित थी। ऐसे मामलों में संबंधित विभाग को समय पर तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। आरोप है कि प्रभारी सीएमएचओ ने निर्धारित समय सीमा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

इस कारण विभाग को विधानसभा के लिए सटीक विभागीय टीप तैयार करने में कठिनाई हुई। संचालनालय ने इस मामले में अपेक्षित गंभीरता न दिखाने को शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही बताया है। पत्र में उल्लेख है कि प्रभारी सीएमएचओ ने अपने पद के दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियमों का उल्लंघन है। इसी आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## मुलमुला में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन कल

**जांजगीर।** राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को ग्राम पंचायत मुलमुला के पंचायत भवन में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। आसपास के चार गांवों के ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे सकेंगे। इसमें कोनार, मुलमुला, मस्तूरीडीह और तावनडीह ग्राम के लोग शामिल हो पाएंगे। शिविर में राजस्व विभाग और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के जिलए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार, एक ही खाते में दर्ज खातेदारों के नाम अलग अलग दर्ज कराने और भूमि संबंधी अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन लिए जाएंगे।



## 9 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जांजगीर।** सक्ती पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान कुल 9.225 किलोग्राम गांजा, एक मारूति डिजायर सफेद रंग वाहन और लगभग 7 लाख रुपए मूल्य की सामग्री जब्त की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में अमर सिंह गुप्ता (32) निवासी छोटे देवगांव, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ और मनी राम उर्फ बंटी ध्रुव (20) निवासी नवापारा, सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर शामिल हैं। दोनों आरोपियों को मारूति डिजायर सफेद रंग वाहन क्रमांक सीजी 13 ए क्यू 2241 में गांजा बेचते और परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। जांच में पुलिस को वाहन में रखा नीला-काला बैग मिला, जिसमें आठ पैकेट एक-एक किलोग्राम और दो पैकेट आधा-आधा किलोग्राम गांजा था। कुल गांजा की कीमत लगभग 4,55,000 रुपए आंकी गई है। वहीं वाहन की कीमत लगभग 2,25,000 रुपए है।

## कावेरी को बनाया सक्ती का एसडीएम



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच पहले से जारी कार्यविभाजन में आंशिक संशोधन किया है। संयुक्त कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सक्ती अरुण कुमार सोम को जिला कार्यालय सक्ती में नए दायित्व सौंपे गए हैं। साथ ही डिप्टी कलेक्टर कावेरी मरकाम को जिला कार्यालय सक्ती से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और अनुविभागीय दण्डाधिकारी सक्ती का कार्यभार दिया गया है।

## कलश यात्रा के साथ परमेश्वरी जयंती मनाई

**राहौद।** माता परमेश्वरी जयंती के अवसर पर राहौद नगर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। देवांगन समाज के महिला पुरुष



और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर बिलारी चौक, देवांगन मोहल्ला और बरपार मार्गों का भ्रमण किया। समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और समाज की एकता तथा सांस्कृतिक परंपरा का संदेश दिया। देवांगन समाज द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। समाज के अध्यक्ष ने कहा कि माता परमेश्वरी जयंती देवांगन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। कार्यक्रम में पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप, उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, सभापति संतोष यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष गुप्ता, नगर पंचायत पार्षद, समाज के पदाधिकारी और युवा भी शामिल हुए।


## अग्रवाल महिला मंडल ने की गणगौर पूजा



**अकलतरा।** नगर में मारवाड़ी समाज द्वारा चैत्र मास के अवसर पर घरों में उत्साह और भक्ति के साथ गणगौर पूजा की गई। सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति रिवाजों से पूजा कर भगवान शिव और पार्वती से अखंड सौभाग्य और समृद्धि की कामना की।

लिखमानिया परिवार में नवविवाहित महिलाओं ने विशेष रूप से गणगौर पूजा में भाग लिया। ममता लिखमानिया ने बताया कि मारवाड़ी समाज में गणगौर पूजा का आरंभ होली के अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से होता है। घर में मिट्टी से बनी भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमा स्थापित की जाती है।इसके बाद सुहागिन महिलाएं स्नान कर हाथों में मेहंदी लगाती हैं और दूब तथा फूलों से भगवान शिव और पार्वती की पूजा करती हैं। ममता ने बताया कि पूजा के दौरान पारंपरिक मिठाइयों का भोग लगाया जाता है, जिसमें मैदा और बेसन से बने व्यंजन शामिल होते हैं। इस पूजा के माध्यम से परिवार और समाज में सुख समृद्धि और अखंड वैवाहिक जीवन की कामना की जाती है। नगर में श्रेया लिखमानिया, अंशिका अग्रवाल, मिल्की लिखमानिया, वंशिका लिखमानिया, आरती लिखमानिया, सरला लिखमानिया, प्रिया लिखमानिया, पारुल लिखमानिया सहित मारवाड़ी समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गोर गोर गोमती गाकर और दूब फूल चढ़ाकर भगवान शिव और पार्वती के प्रति भक्ति व्यक्त की। पूजा का समापन अखंड सौभाग्य और परिवार में सुख समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

# फागुनी गीतों के साथ विधायक लहरिया ने जमायी अपनी धाक



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के निवास में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने आए हुए जनप्रतिनिधियों, नगर के प्रबुद्धजनों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि होली भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में दूरियां मिटाकर आपसी सौहार्द को मजबूत करता है। ऐसे आयोजन सकारात्मक ऊर्जा और पारस्परिक सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। समारोह में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के फाग गीतों ने माहौल को उत्साहपूर्ण कर दिया। नगाड़े की थाप पर कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर कार्यक्रम में रंग भरा। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले समारोह में क्षेत्र के लोग लगातार पहुंचते रहे। कार्यक्रम में जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, लक्ष्मण मुकीम, रवि सिसोदिया, पूर्णनेंद्र सिंह राणा, सुशांत सिंह, सौरभ सिंह, मोहम्मद इमरान खान, दिवाकर राणा, खुलन सोनवानी, संतोष सिंह बैस, भविष्य चंद्राकर, प्रतिपाल सिंह, जीतेंद्र वर्मा, महेश्वर टंडन, नवल सिंह, चिंताराम राठौर, अजित सिंह राणा, क्रेशर उद्योग संघ, राइस मिलर्स एसोसिएशन, सरपंच संघ, सामाजिक संगठन, कर्मचारी संगठन व अन्य उपस्थित हुए।

# फागुन के संगीत के साथ मनाया होली मिलन



**सक्ती।** ग्राम पोरथा में होली मिलन समारोह मनाया गया। ग्राम के वरिष्ठजनों और समाज प्रमुखों का समिति के सदस्यों ने पगड़ी और माला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद फाग गायन का दौर शुरू हुआ। गणेश वंदना के साथ महेंद्र देवांगन ने फाग गीत प्रस्तुत किया। बेदराम चौहान ने अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा सुरेश चौहान, माहादेव सिदार भालू डेरा, मनोहर राठौर, मोहित राठौर, नारायण राठौर, मोहर साय राठौर, रामकुमार राठौर, हसतराम घिरहे डोंगिया और एल.डी. चंद्रा अधिवक्ता सहित अन्य कलाकारों ने भी फाग गीतों से माहौल को रंगीन कर दिया।मंच से मोहित राम साहू, रामेश्वर पांडेय और जनपद पंचायत सक्ती के सभापति सत्यप्रकाश महंत ने संबोधित करते हुए ग्राम की सांस्कृतिक परंपराओं की प्रशंसा की। जवाहर राठौर ने अपने हास्य-व्यंग्य से लोगों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में छोटेलाल चौहान, भुनेश्वर पांडेय, छोटेलाल यादव, भुनेश्वर राठौर, एल.डी. चंद्रा, रामेश्वर पांडेय, सत्यप्रकाश महंत, कुंज बिहारी सोनी, शिव प्रसाद सिदार, बाबूलाल राठौर, बजरंग राठौर और पूर्व सरपंच श्याम राठौर सहित अन्य मौजूद रहे।


**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ बी-121/2025-26
ग्राम- कटघोरा प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा जिला-कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कटघोरा तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता हे कि आवेदिका अनिता अग्रवाल पिता/पति स्व. विनोद अग्रवाल वगैरह सभी जाति अग्रवाल सभी निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा स्थित भूमि खाता क्र. 586 भूमि ख.नं. 1322/ 5,1322/ 8/ क, रकबा 0.1090, 0.0490, कुल रकबा 0.1580 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसका ऋण पुस्तिका गुम हो जाने का एवं द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय करने का लेख करते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09.03.2026 को न्यायालयीन समय 11.00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
कटघोरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ बी-121/2025-26
ग्राम- कटघोरा प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुषार अग्रवाल पिता/पति स्व. विनोद अग्रवाल वगैरह सभी जाति अग्रवाल सभी निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा स्थित भूमि खाता क्र. 587 भूमि ख.नं. 1322/ 8/ ख, 1323/8, 1363/2 रकबा 0.0200, 0.1540, कुल रकबा 0.1740 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसका ऋण पुस्तिका गुम हो जाने एवं बहुत खोजबीन करने पर भी नहीं मिलने पर थाना में सूचना दर्ज कर एवं द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय करने का लेख करते हुए आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 09.03.2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित या अपना अधिवक्ता के साथ (द्वारा) होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया है।

तहसीलदार
कटघोरा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं हितेश वाघेला (Hitesh Vaghela), पिता स्व. श्री जयंतीलाल वाघेला (LT Jayanti Lal Vaghela), उम्र लगभग 49 वर्ष, निवासी-एल.आई.जी-151, दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दैहानपारा, दादरखुर्द कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छग का निवासी हूं। मेरा आधार नंबर-3944 7611 5289 है। मेरे नाम भारत सरकार के द्वारा पासपोर्ट जारी किया गया है जिसका नंबर-H 3877225 है, जिसकी वैधता अवधि दिनांक-27/04/2010 से दिनांक-26/04/2020 तक है। मेरे द्वारा अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण करने हेतु अपना कक्षा-10वीं का अंकसूची अपलोड किया गया है जिसमें मेरा नाम हितेश कुमार (Hitesh Kumar) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम हितेश वाघेला (Hitesh Vaghela) दर्ज है। हितेश कुमार (Hitesh Kumar) एवं हितेश वाघेला (Hitesh Vaghela) दोनों अलग अलग व्यक्ति न होकर एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है।

शपथकर्ता
**हितेश वाघेला**
पिता स्व. जयंतीलाल वाघेला
निवासी-एलआईजी-151,
दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,
दैहानपारा, दादरखुर्द कोरबा


# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने जनसमर्थन का आह्वान, श्याम एग्रो बनारी में आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज का उद्बोधन

**जांजगीर-चांपा।** गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने और गौ हत्या पूर्णतः निषेध की मांग को लेकर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी धर्मेंद्र महाराज के सुपुत्र पंचखंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज का जांजगीर-चांपा जिले के बनारी (जांजगीर-नैला) आगमन हुआ।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता, उद्योगपति व समाजसेवी लीलाधर सुल्तानिया व रमेश सुल्तानिया ने उनका पुष्पमाला अर्पित कर आत्मीय स्वागत किया। श्री श्याम एग्रो मिलिंग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गौ संरक्षण और गौ संवर्धन के लिए जनजागरण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग को लेकर आगामी 27 अप्रैल को देशभर के सभी तहसील कार्यालयों में जनसमर्थन के साथ ज्ञापन सौंपा जाए।

आचार्य स्वामी सोमेंद्र जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को विशेष स्थान प्राप्त है और देश की सनातन परंपरा में गौ सेवा को पुण्य और कर्तव्य माना गया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से



आह्वान किया कि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर जनसमर्थन देना चाहिए। इस अभियान के माध्यम से देशभर में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि गौ संरक्षण के प्रति समाज में व्यापक चेतना विकसित हो सके।

कार्यक्रम में क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर सुल्तानिया ने मंच संचालन किया। उन्होंने आचार्य श्री के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और आस्था का अभिन्न अंग है तथा इस दिशा में समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में गोभक्त, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए सक्रिय सहयोग देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आचार्य स्वामी सोमेंद्र जी महाराज इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इस क्रम में वे रायपुर में आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के बाद बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा और जांजगीर-चांपा में जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। आगामी दिनों में वे कोरबा और जशपुर जिलों में भी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे।

इस अवसर पर लीलाधर सुल्तानिया, रमेश सुल्तानिया, अमर सुल्तानिया, संतोष पालीवाल, मोहन अग्रवाल, सुरेश पालीवाल, सजन अग्रवाल, सुरेन्द्र राठौर, कमल पालीवाल, अरविन्द्र शर्मा, कन्हैया पालीवाल,संजय अग्रवाल, संजय भोपालपुरिया, मनीष तिवारी, हितेश यादव, साकेत तिवारी, जितेन्द्र खाण्डे, भुपेन्द्र साहू ,मुकेश भोपालपुरिया, सुधीर झाझड़िया, सुनील पाण्डेय, मनोज अग्रवाल, विकास जिन्दल,सुनील शर्मा,अग्रवाल, प्रशांत गांधी, राजकुमार, विक्रांत अग्रवाल, दिपक अग्रवाल, जुगल खेमका, सुमित पालीवाल, शैलेश अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, राजेश अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, शैलेश भोपालपुरिया, बसंत अग्रवाल, जे.पी. सोनी, विकास सिंह, कृष्णकांत, राकेश तिवारी, प्रदीप राठौर, मुरली गुरनानी, गोलू दुबे, देवनारायण सिदार, सरोज साहू, जितेन्द्र राठौर, गंगाराम धीवर, अमर यादव, नंदकिशोर यादव, कृष्ण कुमार राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## अनमोल वचन......

जीवन खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सृजन की प्रक्रिया है।

## न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया

*बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें न्यायिक सक्रियता दिखाने में खुद को असमर्थ पा रही हैं, तो समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से मुंह मोड़ना मानेगा। बहरहाल, संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आलसी नजरिया है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने स्वीकार किया है कि कथित गौ-रक्षकों की अवैध गतिविधियों और भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में जो 'सामान्य दिशा-निर्देश' जारी किए, उनकी निगरानी कोर्ट के लिए संभव नहीं रह गई है। तब सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश दिए थे। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा था कि नस्ल, जाति, वर्ग या धर्म का बिना ख्याल किए सभी नागरिकों की ऐसे अपराधों से रक्षा करना सरकार का दायित्व है।*

*बेंच ने ऐसी घटनाओं को रोकने, पीड़ितों से इंसाफ और मुजरिमों को दंडित करने के लिए कई उपाय तय किए। सरकारों से कहा गया कि इन उपायों पर अमल कर वे सुप्रीम कोर्ट में अनुपालना रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, ऐसा नहीं हुआ। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद उस तरह की घटनाएं जारी रहीं। उनका ही जिक्र करते हुए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई, जिसमें संबंधित अधिकारियों पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की गुजारिश की गई। तभी कोर्ट ने कहा था कि विभिन्न स्थलों और विभिन्न राज्यों में हुई मॉब लिंचिंग एवं हिंसा की 'सूक्ष्म निगरानी' करना उसके लिए संभव नहीं है। यही बात जस्टिस सूर्य कांत दोहराई है। कहा है कि अदालत को ऐसे मामलों में 'सामान्य दिशा-निर्देश' देने के बजाय हर मामले पर अलग सुनवाई करनी चाहिए। इस तरह चीफ जस्टिस ने अदालती दायरे की पुनर्व्याख्या की है। संवैधानिक नजरिए से इसमें खोट नहीं निकाली जा सकती। मगर अतीत में खुद न्यायालयों ने स्वतः संज्ञान के जरिए संवैधानिक भावना की रक्षा की भूमिका अपनाई थी। इसे 'न्यायिक सक्रियता' कहा गया। मगर बदले राजनीतिक माहौल में अदालतें इस भूमिका को अपनाए रखने में खुद को असमर्थ पा रही हैं, तो नागरिक समाज का एक हिस्सा इसे दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के मुंह मोड़ने के रूप में देखेगा। बहरहाल, उन समूहों के लिए संदेश यही है कि राजनीतिक प्रश्नों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आसान एवं आलसी नजरिया है। वैसे समाधान असल में सार्वजनिक जीवन की धूल-धक्कड़ में उतर कर ही खोजे जा सकेंगे।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**वृष राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**मिथुन :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई पर पूरा फोकस रखने की जरूरत है।

**कुंभ राशि :** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन राशि :**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आज घर में धार्मिक कार्य आयोजित हो सकता, जिससे खुशी का माहौल बना रहेगा।

# औषधीय और सुगंधित पौधेः स्वास्थ्य विरासत और आजीविका का संरक्षण

**डब्ल्यूडब्ल्यूडी को सीआईटीईएस (वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर समझौते) को स्वीकार करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडी 2026 का विषय औषधीय और सुगंधित पौधेः स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण है, जो स्वास्थ्य और आजीविका के लिए पादप संबंधी संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डालता है। लगभग 15,000 औषधीय पौधों की प्रजातियों के साथ भारत जैव विविधता से समृद्ध 17 विशाल देशों में से एक है। इनमें से 8,000 का उपयोग भारतीय औषधियों में किया जाता है जिससे यह औषधीय और सुगंधित पौधों के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक बन गया है। राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली की ओर से संरक्षित 9,361 औषधीय और सुगंधित पौधों के साथ भारत प्राकृतिक पर्यावास और उससे बाहर विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के प्रयासों के माध्यम से सक्रिय रूप से औषधीय और सुगंधित पौधों को नष्ट होने से बचाने में लगा हुआ है।**

विश्व में प्रति वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से वन्य जीवों और वनस्पतियों के सम्मान और लोगों तथा पृथ्वी के लिए उनके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए घोषित यह दिन वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर समझौते (सीआईटीईस) को स्वीकार करने का प्रतीक है जो यह सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को मजबूत करता है कि वन्यजीवों से संबंधित व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है। यह दिवस इस बात को रेखांकित करता है कि वन्यजीव न केवल प्रकृति की सुंदरता का हिस्सा हैं बल्कि खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, जलवायु परिवर्तन से निपटने की सामर्थ्य और सतत विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसे समय में जब जैव विविधता को वन्यजीवों के निवास स्थान के विनाश, अत्यधिक शोषण, अवैध व्यापार और जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है तब विश्व वन्यजीव दिवस वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जैविक संसाधनों के संरक्षण और स्थायी रूप से उपयोग करने के लिए एक वैश्विक आह्वान है।

विश्व वन्यजीव दिवस 2026 का विषय - औषधीय और सुगंधित पौधेः स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण - दवाइयों के लिए उपयोग में लाए जाने वाले पौधों के महत्व, सांस्कृतिक परंपराओं को बचाने में उनकी भूमिका और स्थानीय समुदायों को उनसे होने वाली आय पर बल देता है। संपूर्ण विश्व में विकासशील के 70-95 प्रतिशत लोग आधारभूत स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पारंपरिक औषधियों पर निर्भर करते हैं जिसमें से अधिकतर पौधों से मिलने वाले संसाधनों से प्राप्त होती हैं। औषधीय और सुगंधित पौधे पारंपरिक औषधीय प्रणाली की नींव हैं और आधुनिक दवा निर्माण उद्योग में भी अहम योगदान देते हैं। स्वास्थ्य के लिए उपयोग के अतिरिक्त ये पौधे परागण के लिए कीट और पक्षियों की सहायता करके, मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर और जैव विविधता को बढ़ाकर पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करते हैं। इसलिए उनका संरक्षण विशेष रूप से भारत जैसे से भरपूर देशों के लिए वैश्विक प्राथमिकता का विषय है।वन्यजीव दिवस 2026 का विषय भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारत जैव विविधता से समृद्ध विश्व के 17 विशाल देशों में से एक है और विश्व की जैव-विविधता का 7 प्रतिशत भाग इसी देश में है। यहां 15 कृषि-जलवायु क्षेत्र, 45,000 विभिन्न पौधों की प्रजातियां हैं जिनमें से 15,000 औषधीय पौधे हैं। इनमें से लगभग 8,000 प्रजातियों का उपयोग भारतीय चिकित्सा प्रणालियों और लोक चिकित्सा प्रणालियों में किया जाता है। भारत के लगभग 70 प्रतिशत औषधीय और सुगंधित पौधे (एमएपी) पश्चिमी और पूर्वी घाट, हिमालय और अरावली क्षेत्र के उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाते हैं।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने 5,250 से अधिक पौधों की प्रजातियों की पहचान की है और विभिन्न रोगों के संबंध में उपयोग के लिए 9,567 से अधिक लोक दावों का प्रलेखण किया है। भारत इस समृद्ध विरासत की रक्षा के लिए कड़े कदम उठा रहा है। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) की ओर से औषधीय पौधों के संरक्षण और सतत प्रबंधन के लिए समर्पित योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण, अनुसंधान और विपणन में सहायता प्रदान की जाती है। ये प्रयास औषधीय पौधों की अपनी समृद्ध विरासत की सुरक्षा के लिए भारत की मजबूत और अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

भारत ने औषधीय और सुगंधित पौधों की अपनी समृद्ध विरासत को बचाने के लिए मजबूत और कई स्तरों वाला तरीका अपनाया है। प्राकृतिक पर्यावासों में यथास्थान (इन-सीटू) संरक्षण का अर्थ है पौधों और जानवरों को उनकी उत्पत्ति के प्राकृतिक स्थलों पर सुरक्षित रखना। यह कार्य राष्ट्रीय उद्यानों, बायोस्फीयर रिजर्व और जीन अभयारण्यों के माध्यम से किया जाता है। औषधीय पौधों के लिए इस तरह के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण उदाहरण औषधीय पादप संरक्षण क्षेत्र पहल (एमपीसीए) है। एमपीसीए एक नामित स्थल है जिसका उद्देश्य औषधीय पौधों की प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवासों में संरक्षित करना है। वर्तमान में भारत में 108 एमपीसीए साइट हैं जो यथास्थान (इन-सीटू) संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके जैविक और सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ स्वदेशी स्वास्थ्य परंपराओं को लागू करने के लिए उपयुक्त मॉडल का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक्स-सीटू संरक्षण का अर्थ है अपने प्राकृतिक आवासों के बाहर नियंत्रित परिस्थितियों में पौधों के आनुवंशिक संसाधनों की सुरक्षा करना ताकि दीर्घकालिक रूप से संरक्षण और जंगलों में संभावित रूप से उन्हें पुनः लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। भारत में, इसके अंतर्गत राष्ट्रीय बीज जीन बैंक, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर), नई दिल्ली में 9,361 औषधीय और सुगंधित पौधों (एमएपी) का संरक्षण शामिल है। इन एक्स-सीटू विधियों का उपयोग खराब बीजों की उत्पत्ति या वानस्पतिक प्रसार वाली प्रजातियों के लिए किया जाता है। साथ में, वे भविष्य में उपयोग के लिए औषधीय पौधों की विविधता को सुरक्षित करने में मदद करते हैं।

सरकार ने देश भर में औषधीय पौधों के संरक्षण, खेती और सतत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख योजनाएं और पहल शुरू की हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) आयुष मंत्रालय की प्रमुख योजना है जिसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के माध्यम से लागू किया गया है। यह फसलों की विविधता में सहायता करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि प्रणालियों के साथ जोड़कर औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देता है। यह मिशन गुणवत्ता में सुधार और मूल्य वर्धित आयुष उत्पादों के संबंध में सहयोग के लिए अच्छी कृषि और संग्रह के तौर-तरीकों (जीएसीपी) का पालन करते हुए खेती को प्रोत्साहित करता है।

एनएएम आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी (एएसयू एंड एच) दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण को भी मजबूत करता है, उनके लिए कच्चे माल की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित करता है और एक औषधीय पौधों के मजबूत क्षेत्र को विकसित करने के लिए अनुसंधान, प्रसंस्करण और विपणन में सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देता है।

यह कार्यक्रम औषधीय पौधों के संरक्षण, खेती और विपणन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों, समुदायों और संस्थानों की पहचान करता है और उन्हें पुरस्कृत करता है। यह अधिक लोगों को औषधीय पौधों को बचाने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

यह योजना भारत सरकार की ओर से एनएमपीबी के माध्यम से औषधीय पादप संरक्षण और विकास क्षेत्रों (एमपीसीडीए) की स्थापना करके उनके प्राकृतिक पर्यावासों में औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए चलाई जा रही है। इस योजना का परिव्यय 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 322.41 करोड़ रुपये है। संरक्षण की पहल को अवक्रमित और ग्रामीण भूमि पर वृक्षारोपण में सहयोग करके भी बढ़ावा दिया जाता है। इसमें अनुसंधान और गुणवत्ता के आश्वासन पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाता है जिन्हें देश भर में जीएसीपी और अपरिष्कृत दवा भंडार के माध्यम से सहयोग मिलता है।

ई-चरक पोर्टल किसानों को बाजारों से जोड़ता है और पूरे भारत में 25 जड़ी-बूटी बाजारों से अद्यतन मूल्य की जानकारी प्रदान करता है। एमएसपी तंत्र यह सुनिश्चित करता है कि किसानों को उनके औषधीय पौधों की उपज के लिए उचित मूल्य मिले, टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित किया जाए और वन्य स्रोतों पर दबाव कम किया जाए।

छात्रों और आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए स्कूलों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर जड़ी-बूटियों के हर्बल गार्डन को बढ़ावा दिया जाता है। दैनिक जीवन में औषधीय पौधों के महत्व को उजागर करने के लिए रेडियो, टीवी और प्रिंट मीडिया पर विशिष्ट प्रजातियों से जुड़े मल्टीमीडिया अभियान भी चलाए जाते हैं।पूर्व सैनिकों और प्रादेशिक सेना के कर्मियों को शामिल करते हुए इको टास्क फोर्स तंत्र महत्वपूर्ण औषधीय पौधों की उत्पत्ति के प्राकृतिक स्थानों को पुनर्जीवित करने और उनका पुनर्वास करने में लगा हुआ है। प्रत्येक इको टास्क फोर्स प्रति वर्ष कम से कम 400 हेक्टेयर क्षेत्र में कार्य करता है जिसमें देशी औषधीय पौधों की प्रजातियों का न्यूनतम 60 प्रतिशत रोपण होता है।यह योजना संयुक्त वन प्रबंधन समितियों, स्वयं सहायता समूहों, वन पंचायतों और जैव विविधता प्रबंधन समितियों को वित्तीय और ढांचागत सहायता प्रदान करती है। यह स्थानीय समुदायों को औषधीय पौधों के मूल्य संवर्धन, जैव पदार्थों को सुखाने, उनके भंडारण और विपणन में मदद करता है जिससे उनकी आजीविका में सीधे सुधार होता है।एनएमपीबी खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और विश्व बैंक जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग के माध्यम से वैश्विक स्तर पर औषधीय पादप संरक्षण को मुख्यधारा में लाने के लिए कार्य करता है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भी भाग लेता है और भारत के पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए काम करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि वैश्विक समझौतों के अंतर्गत उचित तरीके से लाभ साझा किया जाए।नवारा चावल (ओरिज़ा सैटिवा एल.) मुख्य रूप से पलक्कड़ और केरल के आस-पास के जिलों में उगाया जाता है। आयुर्वेद में इसे षष्ठीकशाली कहा गया है । यह पंचकर्म उपचार का एक महत्वपूर्ण भाग है जिसे नवराकिज़ी के नाम से जाना जाता है। यह वात रोग से जुड़े दर्द के उपचार में सहायता करता है। यह पोलियो से संबंधित अक्षमता के उपचार के लिए उपयोगी है। यह रक्त परिसंचरण की समस्याओं में सुधार करता है। यह सांस के रोगों में भी मदद करता है।

1. हरी इलायची (एलेटेरिया इलायची (एल.) मेटन) की दो जीआई किस्में हैं - केरल से एलेप्पी और कर्नाटक से कूर्ग। आयुर्वेद में इसे सुक्षमा-एला या इलायची के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग अस्थमा के इलाज, खांसी से राहत और पेशाब संबंधी विकारों के लिए किया जाता है।

1. गंजम केवड़ा फूल (पांडनस ओडोरिफर (फोर्स्क. कुंत्ज़े) ओडिशा के लिए मुख्य रूप से गंजम जिले से इसे जीआई टैग दिया गया है। आयुर्वेद में इसे केतकीपुष्प के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग आंखों की समस्याओं और श्वसन संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है। केसर (क्रोकस सैटिवस एल.) जम्मू और कश्मीर के लिए जीआई टैग दिया गया है। आयुर्वेद में इसे कुंकुमा के नाम से जाना जाता है । इसका उपयोग माइग्रेन के इलाज के लिए किया जाता है, घावों को ठीक करने, उल्टी और त्वचा के मलिन होने और दाग-धब्बों के उपचार के लिए इसका उपयोग किया जाता है।औषधीय और सुगंधित पौधों की अपनी विरासत को बचाने में भारत की यात्रा की जड़ें गहरी और दूरदर्शितापूर्ण हैं। पश्चिमी घाट के जंगलों से लेकर विदर्भ के खेतों तक, प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान से लेकर ई-चरक जैसे आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म तक, देश संरक्षण, आजीविका और स्वास्थ्य सेवाओं को एक मजबूत सूत्र में पिरो रहा है। प्रतिबद्ध संस्थानों, सशक्त समुदायों और समावेशी नीतियों के साथ, भारत न केवल अपनी हरित संपदा को संरक्षित कर रहा है, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छे स्वास्थ्य, गौरव और समृद्धि के स्रोत में बदल रहा है।

# 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार

//हरिशंकर व्यास//

**कैसे दिल्ली एआई शिखर समिट भारत बिक्री का मेला था? पहली बात दुनिया ने जाना कि 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार है। उसकी बड़ी-बड़ी बातें, बड़े-बड़े मंहगे विश्वविद्यालय नकल की भी अक्ल लिए हुए नही हैं। डिग्रीधारी, रट्टामार इंजीनियरों, कर्मयोगियों की भीड़ है मगर कुशल एआई शोधकर्ताओं की संख्या तीन सौ से भी कम है। दुनिया की कथित तीसरी बड़ी आर्थिकी इतनी पोली और कड़की है जो वह अनुसंधान-विकास पर जीडीपी का सिर्फ 0.7 फीसदी खर्च करती है। पूरी भीड, पूरा बाजार और कंपनियां सभी विदेशी उत्पाद, मॉडल तथा ऐप के बूते जिंदा है।**

दुनिया में बाकी जगह कंपनियां कम से कम एआई उपयोग की कोशिश करती हैं वही भारत की 92 प्रतिशत कंपनियां विदेशी एआई मॉडल अपना चुकी हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबला हुआ तो उसके 45 करोड़ दर्शकों के बीच बेचने का सर्वाधिक विज्ञापन स्लॉट चैटजीपीटी का था। मतलब चैटजीपीटी भारत से सर्वाधिक कमाई का रोडमैप बनाए हुए है।तभी दुनिया की हर बड़ी कंपनी का टेक दिग्गज दिल्ली के मेले में दौड़ा आया। सब एकत्र हुए। और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक कंपनियों के इन प्रमुखों के हाथ अपने साथ ऊपर उठवा कर मैसेज दिया देखो मेरे साथ भारत के खरीदारों का यह जमावड़ा। वैश्विक खरबपतियों ने मेरे से कितनी उम्मीदे पाली हुई है। मुझे मेरा ही देखा वह समय याद हो आया जब पिछली आईटी क्रांति में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी अपने प्रोडक्ट की सरकारी बिक्री बढ़वाने के लिए डेमो, कार्यशालाएं आयोजत करती थी। तब भारत में बेचने का वह मार्केटिंग तंत्र था, जिससे प्रोडक्ट प्रस्तुति, डिप्लोमा कोर्स, सरकारी अनुबंध-बिक्री का लंबा-चौड़ा मार्केटिंग अभियान चला था। वैसा ही अब वैश्विक अमेरिकी कंपनियां अपना जाल, अपना नेटवर्क, अपनी चेन में 140 करोड़ की भीड को बंधक बनाने का ब्लूप्रिंट लिए हुए हैं। मैं सन् 1996 से लिखता आ रहा हूं कि भारत आईटी कुली पैदा करने के अलावा अपना कुछ भी नहीं बना रहा। सोचें, भारत सरकार, प्रदेश सरकारों, जनता सब कैसे माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस प्रोडक्ट, गूगल ईमेल, सर्च इंजिन, व्हाट्सऐप पर स्थायी आश्रित हो चुके है। आगे अमेरिकी एआई पर होंगे। नया फेज एआई क्रांति है। दिमाग भन्ना गया यह सुन कर कि गूगल के सुंदर पिचई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को पट्टी पढ़ाई और विश्वगुरू मोदी ने उन्हें एक 'कर्मयोगी' का जुमला दिया तो गूगल ने मौका लपका। भारत उद्धार की झांकी बनाते हुए दो करोड़ सरकारी कर्माचारियों को एआई के कृत्रिम दिमाग को अपनाने की ट्रेनिंग देने का ऐलान किया। सोचें, पहली बात, भारत का सरकारी कर्मचारी यदि 'कर्मयोगी' होता तो भारत का नागरिक लूटता और भारत मात्र बाजार बना होता। दूसरी बात, ये कर्मचारी पहले से ही सोशल मीडिया (वह भी तो प्रतिदिन सात घंटे ऑनलाइन का प्रतिनिधि है) से टाइमपास करते है तो दफ्तरों में मान्य चैटजीपीटी या गूगल चैट की सरकारी वैधता के बाद कर्मचारी क्या करेंगे। पूरी सरकार (मोदी के पीएमओ से लेकर पटवारी तक) इस फॉर्मूले में एआई का उपयोग करेंगे- एआई बताओं, लिखों राजस्व बढ़ाने का एक नोट, या लोगों को झूठ, भय, भूख, भक्ति में बांधने के उपाय! या लिखे डराने, धमकाने वाला नोटिस, सम्मन, एफआईआर, चार्जशीट का ऐसा मसौदा, जिसे पढ़ कर वकील के भी होश उड़ जाए! और नागरिक रिश्वत ले कर दौड़ा-दौड़ा आए! चेक करो फलां नागरिक के दिमाग का खाता, वह हजारों में रिश्वत देने में समर्थ है या लाखों-करोड़ों में! वसूली में किसकी, कैसी हैसियत है। पता है गूगल ने प्रधानमंत्री से यह भी वायदा किया है कि कंपनी सीधे अमेरिका-भारत के जुडाव के लिए समुद्र में केबल बिछाएगी।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार में उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।



कोटा एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो मैसेज के ज़रिए बात की।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा पटना में एक बैठक के दौरान।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल के कोल्लम जिले में शिवगिरी मठ के दौरे के दौरान प्रार्थना करते हुए। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल भी दिख रहे हैं।



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आईज़ोल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

# खाड़ी में फंसे हजारों पर्यटक, क्रुज कंपनी ने शुरू किया राहत अभियान, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद



**दुबई, 08 मार्च [एजेंसी]।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद हो जाने से खाड़ी क्षेत्र में हजारों अंतरराष्ट्रीय यात्री फंस गए हैं। हालात ऐसे बने कि कम से कम छह बड़े क्रुज जहाजों पर करीब 15 हजार यात्री कई दिनों से खाड़ी देशों में अटके हुए हैं। सरकारी निकासी प्रक्रिया धीमी पड़ने के बीच स्विट्जरलैंड स्थित दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी क्रुज कंपनी एमएससी ने आगे बढ़कर अपने यात्रियों को सुरक्षित घर पहुंचाने की पहल शुरू कर दी है। कंपनी ने दुबई में फंसे अपने जहाज एमएससी यूरिबिया के यात्रियों को निकालने के लिए अब तक सात चार्टर्ड फ्लाइट्स की व्यवस्था की है और कई कमर्शियल विमानों में सीटों के ब्लॉक खरीदे हैं। इसके जरिए 1500 से अधिक यात्रियों को दुबई से उनके देशों तक भेजा जा चुका है। कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पियरफ्रांसेस्को वागो ने कहा कि कंपनी की टीमें दुनिया भर में लगातार काम कर रही हैं ताकि सभी यात्रियों को सुरक्षित और जल्द घर पहुंचाया जा सके।6,327 यात्रियों की क्षमता वाला एमएससी यूरिबिया 27 फरवरी को दुबई पहुंचा था। इसके ठीक अगले दिन ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात की ओर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे। इसके बाद दुबई प्रशासन ने मोबाइल अलर्ट जारी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों में रहने की चेतावनी दी। हालांकि अधिकतर हमलों को वायु रक्षा प्रणाली ने रोक दिया, लेकिन जहाज पर मौजूद यात्रियों ने डेक से आसमान में आग के गोले और धमाके होते देखे और कई दिनों तक डर और अनिश्चितता में रहे। एमएससी के अनुसार अधिकांश यात्री यूरोप भेजे जा रहे हैं। एक चार्टर्ड उड़ान में 280 ब्रिटिश और आयरिश यात्री लंदन पहुंच चुके हैं, जबकि कुछ अमेरिकी यात्री दुबई से डैलस के लिए रवाना हुए। बाकी अमेरिकी यात्रियों को भी शनिवार तक निकालने की योजना है।दुबई में सेलेस्टियल डिस्कवरी और अरोया मनारा जहाज खड़े हैं, जबकि सेलेस्टियल जर्नी और जर्मनी का टीयूआइ मीन शिफ-5 कतर की राजधानी दोहा में रुके हुए हैं। वहीं टीयूआइ मीन शिफ-4 अबू धाबी में खड़ा है। दोहा में सेलेस्टियल जर्नी पर फंसे अमेरिकी यात्री एडविन क्रान ने बताया कि उनका जहाज दुबई जाने वाला था, लेकिन संघर्ष शुरू होने के बाद वह कई दिनों से वहीं रुका है।

## चीन में रमजान पर सख्त पहराः शिनजियांग में 500 से अधिक उइगर गिरफ्तार, धार्मिक पाबंदियां तेज

**बीजिंग।** चीन के शिनजियांग प्रांत में रमजान के दौरान अवैध धार्मिक गतिविधियों के आरोप में 500 से अधिक उइगरों को गिरफ्तार किया गया है।एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मस्जिदों के आसपास चौकियों की संख्या बढ़ा दी गई है, जबकि वहां रह रहे लोगों के घरों की तलाशी ली जा रही है। इससे लोगों में दहशत है। इम्पैक्ट इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, रमजान में उइगरों की गिरफ्तारी से वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि रमजान माह में वहां तमाम तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिससे मानवाधिकारों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। वहां धार्मिक क्रिया-कलापों पर प्रतिबंध लगा कर बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो उइगरों के प्रति बीजिंग के दृष्टिकोण को परिलक्षित कर रहा है।

## तेहरान की घेराबंदीः अब कुर्द करेंगे ईरान पर जमीनी हमला, अमेरिका बना रहा है रणनीति

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद एक साथ कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मसलन यह युद्ध कब तक चलेगा, किसे ज्यादा क्षति पहुंचेगी, वैश्विक अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान होगा। कहीं यह विश्व युद्ध में तो नहीं तब्दील हो जाएगा। इन सब कयासों के बीच एक दूसरे को पटखनी देने के लिए हर रोज दोनों ओर से नई रणनीतिक पटकथा लिखी जा रही है।ईरान जमीनी युद्ध होने की स्थिति में जहां अपने को हर तरह से तैयार कर रहा है, वहीं अमेरिका भी बिना मौका गंवाए तरकस के हर उस तीर को आजमाने का प्रयास कर रहा है, जिससे आसमान में ईरान को पटखनी देने के साथ ही जमीनी लड़ाई में भी उसे धूल चटाया जा सके।इस कड़ी में अमेरिका द्वारा ईरानी कुर्दों से संपर्क करने की सूचना है। वह इनका इस्तेमाल जमीनी युद्ध में ईरानी सेना के विरुद्ध करना चाहता है। उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में स्थित एक ईरानी कुर्द राष्ट्रवादी समूह के नेता ने अल जजीरा को बताया है कि कुर्द ईरान में सीमा पार जमीनी अभियान चला सकते हैं।

## बंगाल को अशांत करना चाहती तृणमूल सरकार प्रल्हाद जोशी ने सीएम ममता पर जमकर बोला हमला




**सिलीगुड़ी, 08 मार्च [एजेंसी]।**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह घुसपैठियों को आश्रय देकर राज्य को अशांत करना चाहती है ताकि सत्ता में बनी रहे। वह शनिवार को दिल्ली से सिलीगुड़ी पहुंचे। यहां वह भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आए हैं।बागडोगरा हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने ममता सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि बंगाल में बदलाव का समय आ चुका है।उन्होंने कहा कि टीएमसी का मुख्य उद्देश्य राज्य को अराजकता और अशांति में रखकर अपनी सत्ता को मजबूत करना है। टीएमसी एसआईआर का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहती है। एसआइआर पहले भी होता रहा है लेकिन अब सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इसका बेहतर उपयोग हो रहा है। तृणमूल भयभीत है क्योंकि बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है।उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को न तो चुनाव आयोग पर भरोसा है, न ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पर। ममता भारत सरकार और लोकसभा पर भी भरोसा नहीं करती। यहां तक कि देश की सेना का भी तृणमूल समय-समय पर विरोध करती रहती है।साथ ही कहा कि टीएमसी सरकार इस्लामिक शासन व्यवस्था को बंगाल में लागू करना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह यात्रा बंगाल में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह राज्य की जनता को टीएमसी के कुशासन से मुक्ति दिलाएगी।

## सऊदी पर हमला तो क्या कूदेगा पाकिस्तान? मुनीर ने रियाद में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री से की सुरक्षा वार्ता



**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर ने सऊदी अरब की यात्रा की और रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से मुलाकात कर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले किए जा रहे हैं, जिससे पिछले साल इस्लामाबाद और रियाद के बीच हस्ताक्षरित पारस्परिक रक्षा समझौता खतरे में पड़ गया है। समझौते के तहत दोनों देश किसी तीसरे देश द्वारा हमले की स्थिति में एक-दूसरे की रक्षा करने के लिए बाध्य हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इसे दोनों देशों के बीच खुला युद्ध बताया, जबकि अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान ने कथित तौर पर सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं।सवाल उठ रहे थे कि अगर ईरान के साथ औपचारिक युद्ध शुरू हो जाता है, तो क्या पाकिस्तान सऊदी अरब के बचाव में खड़ा होगा।

# संघ लोक सेवा आयोग 2025: 301वीं रैंक पर दो आकांक्षा सिंह का दावा, नए विवाद के बीच आयोग पर टिकी निगाहें

**नईदिल्ली, 08 मार्च [एजेंसी]।**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 301वीं रैंक पर आकांक्षा सिंह नाम की दो महिला अभ्यर्थियों के दावे से विवाद खड़ा हो गया है। परिणाम आने के दूसरे दिन शनिवार को भी उप्र व बिहार की दोनों अभ्यर्थियों ने चयन को लेकर अपना-अपना दावा पेश किया।वहीं, इन विरोधाभासी दावों के बीच सभी की नजर संघ लोक सेवा आयोग के आधिकारिक स्पष्टीकरण पर टिकी है। बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह ने शनिवार को मुख्य परीक्षा से संबंधित तथ्यों को रखा। वह रणवीर सेना के संस्थापक स्व. ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और इंदुभूषण सिंह की पुत्री हैं।मीडिया में उनके चयन की बात आते ही गाजीपुर की डॉ. आकांक्षा सिंह ने 301वें नंबर पर अपने चयन का दावा करते हुए इससे संबंधित प्रवेश पत्र और रोल नंबर के साथ वीडिया वायरल किया। गाजीपुर के जमानियां ब्लाक की रहने वाली डॉ.



आकांक्षा ने पटना एम्स से एमबीबीएस और एमएस किया है और स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। पिता रंजीत सिंह वायुसेना में जूनियर वारंट आफिसर हैं। वहीं, अपने दादा के निधन पर गांव पहुंचीं डॉ. आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने प्री, मेंस और इंटरव्यू तीनों परीक्षाएं रोल नंबर 0856794 से दी थीं और उनकी 301वीं रैंक आई है। इस संबंध में वह आयोग को ई-मेल भी करने वाली हैं। एडमिट कार्ड पर मौजूद बारकोड को स्कैन करने पर भी यही रोल नंबर आता है। डॉ. आकांक्षा को यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है। उधर, दूसरी तरफ, आरा की आकांक्षा सिंह का कहना है कि यूपीएससी में साक्षात्कार उन्हीं का हुआ है और 301वीं रैंक भी उन्हीं का है। उन्होंने मुख्य परीक्षा के लिए भरे जाने वाले फार्म की कॉपी भी दिखाई।

साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले ई-समन प्रवेश पत्र मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि मोबाइल फार्मेट हो गया है, इसलिए वह साक्षात्कार के बाद मिस हो गया है, लेकिन उसकी कॉपी जनरेट करने के लिए उन्होंने यूपीएससी को मेल किया है।उन्होंने कहा कि धौलपुर हाउस में उनका सुमन शर्मा के बोर्ड में साक्षात्कार हुआ और वहां के सीसीटीवी में साक्षात्कार में जाते हुए और आते हुए उन्हें देखा जा सकता है। उनका कहना है कि उन्होंने डैफ (डिटेल्स एप्लीकेशन फार्म) भरा है और इसकी कापी भी दिखा रही हैं, यह फार्म मुख्य परीक्षा में सफल होने के बाद ही भरा जाता है, जिसमें अभ्यर्थी का विस्तृत विवरण होता है।

## क्या किम जोंग की बेटी किम जू ऐ होंगी उत्तर कोरिया की अगली सर्वोच्च नेता? उम्र सिर्फ 13 साल



**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक रहस्य बना हुआ है। नियमित मिसाइल प्रक्षेपण, भव्य सैन्य परेड और राज्य मीडिया की फिल्टर की गई छवियों के अलावा, प्योंगयांग के सत्ताधारी वर्ग की आंतरिक कार्यप्रणाली अस्पष्ट है। लेकिन हाल ही में एक तस्वीर ने इस परंपरा को तोड़ दिया।2026 के नव वर्ष के दिन, किम जोंग उन ने किम इल सुंग और किम जोंग इल के संरक्षित शवों के सामने झूमर और संगमरमर के मेहराबों के नीचे खड़े होकर श्रद्धांजलि दी, जो भव्य कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन में रखे हुए हैं। वहीं, पहली नजर में, यह उत्तर कोरिया की गुप्त शासन व्यवस्था की एक और योजनाबद्ध घटना लग रही थी। लेकिन तस्वीर में कुछ खास था - किम जोंग उन के बगल में खड़ी एक छोटी लड़की, जो न तो पीछे थी और न ही किनारे पर। वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी थी, शांत और आत्मविश्वास से भरी हुई, जैसे यह स्थिति पहले से तय थी।किम जू ऐ, जो लगभग 13 साल की है, अपने पिता किम जोंग उन के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ती उपस्थिति के कारण उत्तर कोरिया की अगली नेता बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## बंगाल चुनाव का काउंटडाउनः कोलकाता पहुंचेगी चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ, दो दिनों तक होगा तैयारियों का महा-मंथन




**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा (विस) चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की पूर्ण पीठ दो दिनी दौरे पर रविवार रात कोलकाता पहुंचेगी।राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि पूर्ण पीठ नौ मार्च से बैठकें करना शुरू करेगी। सबसे पहले ज्ञानेश कुमार सुबह कालीघाट मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करेंगे। मालूम हो कि कालीघाट मंदिर बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र में है। उसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी।आयोग बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया व आगामी विस चुनाव की तैयारियों को लेकर उनकी शिकायतों व सुझावों पर गौर करेगा। उसी दिन दोपहर सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल पूर्ण पीठ के समक्ष बंगाल में जारी हुई अंतिम मतदाता सूची के विचाराधीन मामलों की वर्तमान स्थिति पर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।अगले दिन पूर्ण पीठ बंगाल सरकार के शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। बैठक में राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडेय समेत अन्य शामिल होंगे।उसके बाद आयोग की टीम चुनाव पंजीकरण अधिकारियों, सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारियों व बूथ स्तरीय अधिकारियों से मिलेगी और फिर जिलाधिकारियों (जो कि जिला चुनाव अधिकारी भी हैं), पुलिस अधीक्षकों व विभिन्न पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी।

# जामतारा में हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब गोपाल शर्मा बोले- हिंदू नहीं रहा तो दुनिया नहीं रहेगी

**रांची, 08 मार्च [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने हिंदुओं से आह्वान किया कि सभी को एक साथ रहने की जरूरत है। सामूहिक शक्ति के अभाव में हिंदू समाज बिखर रहा है। इसे बचाए रखने की जरूरत है। हिंदू नहीं रहा तो दुनिया नहीं रहेगी।सनातन से ही सृष्टि की रक्षा संभव है। समाज में जो भी समस्याएं हैं, उसका समाधान भी संभव है। हिम्मत और साहस कभी नहीं छोड़ना है। वे शनिवार को जामताड़ा जिले के करमाटार प्रखंड क्षेत्र के पिंडारी स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और मां दुर्गा की विशेष आरती के साथ हुआ। गोपाल शर्मा ने लोगों से धर्म के मार्ग पर चलने और अपनी जड़ों से जुड़े रहने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी से अपने परिवार में पांच प्रकार के काम करने के लिए प्रेरित किया। पहला अपने परिवार में भेदभाव समाप्त करना है। दूसरा समाज के सभी परिवारों को अपना परिवार समझना। तीसरा काम मंदिर, पानी, श्मशान सभी के लिए एक है, ऐसी भावना को प्रगाढ़ करना है। चौथा काम सप्ताह में एक दिन एक साथ बैठना, साथ में भोजन करना। पांचवां काम पर्यावरण की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और संस्कृति के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए भी कृत संकल्पित रहना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण के लिए जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ पर एक पेड़ लगाने का अभियान चला रही है, जो सभी के सहयोग से ही सफल होगा और पर्यावरण की रक्षा हो सकेगी।

सम्मेलन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में जुटने लगी थीं।भगवा ध्वजों से सजे परिसर में हर तरफ जय माता दी और जय श्री राम के उद्घोष गूंज रहे थे। आयोजन समिति द्वारा आए हुए अतिथियों के लिए भव्य स्वागत और महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों की जानकारी मिलती है। मौके पर आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण झा, विभाग कार्यवाह राजाराम, जिला कार्यवाह शिवशंकर सहित आरएसएस के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।जब देश में संगठित हिंदू होगा तभी सामर्थ्यवान भारत होगा। आज सामर्थ्यवान भारत है तभी हम पड़ोसी मुल्कों में भारी युद्ध के बीच भी होली जैसे त्योहार मना पा रहे हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सामाजिक सद्भावना संयोजक राकेश लाल ने बाघमारा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में कही। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह पर सफल हिंदू समाज के बैनर तले शनिवार को बाघमारा बड़ी ठाकुरबाड़ी मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन किया गया था।

सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में डुमरा, तेलोटांड़, बरोरा, भीमकनाली से महिला पुरुषों ने भाग लिया। लाल ने कहा कि देश में कुछ शक्तियां हिंदू को जाति में बांटकर कमजोर कर रही है।जब प्रयागराज में 65 करोड़ लोगों ने जात पात, अमीर गरीब से ऊपर उठकर एक साथ संगम में डुबकी लगाई तो वहां सिर्फ एक भावना थी हम हिंदू हैं। उसी समर्पण के साथ हमें संगठित होकर समग्र भारत का निर्माण करना है। पूरे विश्व में भारत ऐसा देश है जिसको हम धरती माता कहते हैं।कार्यक्रम के दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर जिला संघसंचालक विशु रवानी, अशोक मिश्रा मौजूद थे। आयोजन में विजय शर्मा, सत्यनारायण पांडेय, सीताराम चौधरी, बैजनाथ प्रसाद, विपिन ठक्कर, सोनू साव, कुणाल सिंह, देवानंद साव, प्रदीप रवानी, गिरधारी खंडेलवाल, भास्कर पांडेय, महेश सिन्हा, सुजीत राय, चन्द्रमा प्रसाद आदि मौजूद थे

## चीन की सेना राजनीतिक वफादारी बढ़ाए, शीर्ष जनरलों के निष्कासन के बाद पहली बार बोले शी चिनफिंग



**बीजिंग।** पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के शीर्ष अधिकारियों को हटाने के बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शनिवार को सेना से राजनीतिक वफादारी बढ़ाने और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म के लिए कहा।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक शीर्ष जनरल ने भी सैन्य अधिकारियों से चीनी राष्ट्रपति के आदेश का पूरी तरह पालन करने को कहा।चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में पीएलए और पीपुल्स आर्म्ड पुलिस फोर्स के अधिकारियों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में चिनफिग ने सेना में राजनीतिक वफादारी बढ़ाने की खास ताकत का पूरा फायदा उठाने पर जोर दिया।उन्होंने नेशनल डिफेंस और आमर्ड फोर्स को लगातार आधुनिक बनाने के लिए मिलकर कोशिश करने को भी कहा। जनवरी में पीएलए के सबसे बड़े अधिकारी जनरल झांग यूशिया समेत दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटाने के बाद चिनफिंग की यह पहली बैठक थी। इस बदलाव को हाल के इतिहास में पीएलए में बड़ा सफाई अभियान माना जा रहा है, जिससे लोगों में हैरानी की लहर दौड़ गई थी। झांग यूशिया राष्ट्रपति चिनफिंग की अगुआई वाले सबसे ताकतवर केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के उपाध्यक्ष थे।उनके हटने के बाद छह सदस्यों वाली सीएमसी घटकर दो सदस्यीय रह गई है। इनमें चिनफिंग के अलावा अनुशासन निरीक्षण निकाय के सचिव जनरल झांग शेंगमिन शामिल हैं। सीएमसी चीन की सेना की समग्र हाई कमान है। जनरल शेंगमिन ने भी मौजूदा संसद सत्र में अपने भाषण में कहा, हमें गहन राजनीतिक सुधार करने होंगे, कम्युनिस्ट पार्टी के आचरण में सुधार करना होगा, भ्रष्टाचार से लड़ना होगा, पार्टी के प्रति वफादारी मजबूत करनी होगी और राष्ट्रपति चिनफिंग के आदेश का पूरी तरह से पालन करना होगा।

## ईरानी युद्धपोत का वीडियो बनाने के आरोप में कोच्चि में दो पत्रकार गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ



**कोच्चि, 08 मार्च [एजेंसी]।**

एक प्रमुख राष्ट्रीय टीवी चैनल के दो पत्रकारों को कोच्चि के मट्टनचेरी घाट के पास खड़े एक ईरानी युद्धपोत की तस्वीरें लेने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर केरल तट पर लंगर डाले जहाजों की तस्वीरें या वीडियो रिकार्डिंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।गिरफ्तार पत्रकारों के साथ ही उस नाव के चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है, जिसमें सवार होकर वे युद्धपोत के पास गए थे।

अधिकारियों के अनुसार, पत्रकारों ने ईरानी युद्धपोत आइरिस लावन की तस्वीरें लेने का प्रयास किया, जो वर्तमान में कोच्चि तट के पास खड़ा है।इससे पहले मीडिया टीम ने क्षेत्र की सुरक्षा कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों से संपर्क कर युद्धपोत की तस्वीरें लेने की अनुमति मांगी थी।

# तीन माह बाद देश के लड़ाकू विमान उड़ाकर इतिहास रचेंगी हरियाणा की इशिता सांगवान



**चरखी दादरी।** बेटियों को अगर मौका मिले तो वो ऐसा कारनामा कर सकती हैं जो पहले कभी ना हुआ हो। एयरफोर्स में फाइटर पायलट का प्रशिक्षण ले रहीं चरखी दादरी जिले के गांव छपार निवासी इशिता सांगवान इसकी बानगी हैं।वो एनडीए के जरिए देश के पहले महिला फाइटर पायलट बैच का हिस्सा हैं और एक साल की ट्रेनिंग पूरी होने में अब केवल तीन माह बाकी है। जून 2026 में वो कमीशन प्राप्त कर लेंगी और उसके बाद वो देश के लड़ाकू विमान उड़ाएंगी। फिलहाल वो एडवांस फाइटर एयरक्राफ्ट उड़ाने का प्रशिक्षण ले रही हैं। इशिता की यह उपलब्धि अपने आप में खास है, क्योंकि इससे पहले कोई भी बेटी देश की फाइटर पायलट नहीं बनी है।बता दें कि छपार निवासी इशिता सांगवान महज 22 वर्ष की हैं। अगस्त 2022 में एनडीए के जरिए 19 बेटियों का चयन हुआ था जिनमें वो भी शामिल थीं। इसके बाद इन बेटियों की तीन साल की ट्रेनिंग हुई थी, जो 30 मई 2025 को पूरी हुई थी। दो बेटियां प्रशिक्षण पूरा नहीं कर पाई थीं जबकि 17 ने प्रशिक्षण पूरा किया। इन 17 बेटियों में से दो बेटियों को एयरफोर्स, चार को नेवी व 11 को आर्मी विंग में एक साल का प्रशिक्षण पूरा करना था।इशिता सांगवान को एयरफोर्स में फाइटर पायलट बनने की ट्रेनिंग हैदराबाद में दी जा रही है। उनके पिता चरण सिंह सांगवान ने बताया कि जून 2026 में प्रशिक्षण पूरा होते ही इशिता को कमीशन प्राप्त हो जाएगा। इशिता के अलावा जिस दूसरी बेटी को एयरफोर्स विंग मिली है वो भी हरियाणा से ही हैं।उन्होंने संवाददाता के साथ बातचीत में इशिता सांगवान की उपलब्धि की कहानी भी सांझा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में इशिता कोटा में थीं और उस दौरान उन्होंने उसे फोन कर बताया कि लड़कियां भी अब एनडीए में जा सकती हैं। यह सुनकर उसे बेहद खुशी हुई। इससे पहले यह विकल्प न होने के कारण सिविल सर्विसेज में जाना इशिता का लक्ष्य था, लेकिन इसके बाद उसने एनडीए को चुना। इशिता सांगवान ने बताया कि वर्ष 2022 में वो 12वीं कक्षा की परीक्षा की तैयारियों में जुटी थीं और एक माह के बाद एनडीए की लिखित परीक्षा थी। 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के लिए की जा रही तैयारी का काफी फायदा हुआ जबकि इसके बाद 15 दिन की तैयारी कर एसएसबी भी क्लीयर कर दिया।

**संगठन मजबूती और चुनावी रणनीति पर जोर**

## नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने संभाली कमान



**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आगामी चुनावों में जीत की सबसे बड़ी ताकत होगी। अंकित शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा हमेशा से युवाओं की ऊर्जा और शक्ति का प्रतीक रहा है। जिले में युवाओं को संगठित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिये व्यापक अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले के सभी मंडलों और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जायेगा ताकि अधिक से अधिक युवाओं को जिम्मेदारी मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को युवाओं के माध्यम से गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। इसके लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान भी आयोजित किये जायेंगे। अंकित शर्मा ने आगामी चुनावों को लेकर कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर मजबूत चुनावी रणनीति तैयार की जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को बतायें।

## महिला के घर में आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया शिक्षक, पति की सूचना पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक शिक्षक को महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मामला वाड्रफनगर कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि बरती कला कन्या माध्यमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक महिला के घर पहुंच गया। उस समय महिला घर पर अकेली थी। आरोप है कि शिक्षक ने मौके का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर महिला के साथ अशोभनीय हरकत करने की कोशिश की। इसी दौरान किसी ने महिला के पति को घटना की जानकारी दे दी। सूचना मिलते ही पति तुरंत घर पहुंच गया।

# नशे के बढ़ते कारोबार पर लगाम जरूरी : सिन्हा

### नाबालिग और युवा वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार को लेकर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है जिससे खासकर युवा और नाबालिग तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से ठोस और प्रभावी कार्यवाही की मांग की है।

पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नशे से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कई स्थानों पर अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है जिससे समाज का एक बड़ा वर्ग प्रभावित हो रहा है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि नाबालिग बच्चे भी नशे की लत के शिकार हो रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण ही जिले में कई



अप्रिय घटनाएं भी सामने आई हैं। कई परिवार इससे प्रभावित हुए हैं और सामाजिक वातावरण भी खराब हो रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्ती से नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्वप्निल सिन्हा ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाये और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये साथ ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां नियमित निगरानी रखी जाये जहां नशे के कारोबार की आशंका रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल कार्यवाही से ही समस्या का समाधान संभव नहीं है बल्कि इसके लिये समाज को भी आगे आना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाना चाहिये ताकि वे इससे दूर रह सकें।

पार्षद सिन्हा ने कहा कि यदि प्रशासन और समाज मिलकर प्रयास करें तो नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठायेगा जिससे नशे के जाल में फंसे नाबालिगों का बचपन और युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सकेगा।

## कर्मचारी जगत के समर्पित नेता गोपाल सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक एवं शिक्षा जगत के समर्पित व्यक्तित्व गोपाल सिंह के निधन से जिले के कर्मचारी और शिक्षक समुदाय में गहरा शोक व्याप्त है। लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे गोपाल सिंह ने बीते 28 फरवरी को अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले भर के कर्मचारियों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई।



स्वर्गीय गोपाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे एक अनुशासित शिक्षक होने के साथ-साथ कर्मचारियों के अधिकारों और हितों के लिये संघर्ष करने वाले सक्रिय नेता के रूप में भी जाने जाते थे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक के रूप में उन्होंने कर्मचारियों को संगठित करने, उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिये लगातार प्रयास किये। उनके व्यवहार की सादगी और मिलनसार स्वभाव के कारण वे कर्मचारी जगत में बेहद लोकप्रिय थे। स्वर्गीय गोपाल सिंह की स्मृति में शनिवार 7 मार्च 2026 को मनेन्द्रगढ़ में शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पानी टंकी के सामने आयोजित हुआ। कार्यक्रम की जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सह-संयोजक गोपाल प्रसाद बुनकर ने दी। श्रद्धांजलि सभा में जिले के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों के पदाधिकारी, सदस्य, प्राचार्य, व्यायाम शिक्षक तथा बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। साथ ही कोरिया जिले के फेडरेशन के पदाधिकारियों ने भी पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया। फेडरेशन के साथियों ने कहा कि गोपाल सिंह का निधन कर्मचारी आंदोलन और शिक्षा जगत के लिये एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने हमेशा कर्मचारियों की एकता और अधिकारों की रक्षा के लिये संघर्ष किया। उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**महिला प्रकोष्ठ के तहत 4 तहसीलों में नई अध्यक्षों की नियुक्ति**

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने कोरिया में बढ़ाया संगठनात्मक दायरा

**कोरिया/बैकुंठपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने जिले में संगठन को और सक्रिय बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। महासभा की महिला प्रकोष्ठ इकाई ने कोरिया जिले की चार तहसीलों में नई अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी हैं। यह आदेश प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला इकाई द्वारा जारी किया गया। जारी सूची के अनुसार पोंडी बचरा, पटना,सोनहत और बैकुंठपुर क्षेत्र में अलग-अलग महिला पदाधिकारियों को कमान दी गई है। संगठन का उद्देश्य तहसील स्तर पर गतिविधियां बढ़ाना और समाज की भागीदारी को मजबूत करना बताया गया है। इनको मिली तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी- पोंडी बचरा-श्रीमती विद्यावती यादव,पटना-श्रीमती बीरा यादव (सोना) सोनहत-श्रीमती प्रमिला यादव, बैकुंठपुर-श्रीमती कविता यादव, नव-नियुक्त अध्यक्षों को सदस्यता विस्तार,बैठकों के आयोजन और सामाजिक कार्यक्रमों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला पदाधिकारियों का कहना है कि महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता से संगठन का दायरा गांव-गांव तक बढ़ेगा। आने वाले समय में संपर्क अभियान और सामूहिक बैठकें आयोजित करने की योजना है,ताकि समाज को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाया जा सके।

# फूलों की होली और भजनों की रसधार में सराबोर हुआ राधा-कृष्ण प्रेम मंदिर प्रेमाबाग

**कोरिया/बैकुंठपुर।** होली के पावन अवसर पर राधा-कृष्ण प्रेम मंदिर, प्रेमाबाग बैकुंठपुर में शुक्रवार 6 मार्च 2026 को एक भव्य और भक्तिमय आयोजन का आयोजन किया गया। राधे-राधे परिवार बैकुंठपुर द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शहर की बड़ी संख्या में माता-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चले इस आयोजन में फूलों की होली, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया गया।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली का पर्व मनाया और एक-दूसरे को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। फूलों की होली की इस अनूठी परंपरा ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण स्वरूप की सुंदर झांकी सजाई गई थी, जिसने सभी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। झांकी के समक्ष फूलों की वर्षा के बीच श्रद्धालु महिलाएं भक्ति और पारंपरिक होली गीतों पर झूमती नजर आईं। समारोह का विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी रही। बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकी और उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम अभिव्यक्ति और उनकी भक्ति भावना को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धा, उल्लास और प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण के भजनों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया। 'आज ब्रज में होली है ओ रसिया 'होली खेले रघुवीरा ' 'होली में उड़े रे गुलाल' और 'मत मारो पिचकारी' जैसे पारंपरिक होली भजनों की स्वर लहरियों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर महिलाएं और श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। फूलों की वर्षा और भक्ति संगीत के साथ यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में रंग-बिरंगे फूलों की वर्षा, भजनों की गूंज और श्रद्धालुओं की खुशी ने एक आध्यात्मिक माहौल का निर्माण किया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनकी एकजुटता इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाया। आयोजक राधे-राधे परिवार बैकुंठपुर ने कार्यक्रम में शामिल सभी माता-बहनों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि रंग और उमंग से भरा यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों की बहार लेकर आए। साथ ही उन्होंने समाज में प्रेम, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की बात कही। आयोजकों ने यह भी कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, आपसी प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने और परंपराओं को जीवंत रखने का प्रयास जारी रहेगा। यह आयोजन न केवल होली के उत्साह को दर्शाता है बल्कि भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

**दूसरे प्रयास में मिली बड़ी सफलता, आईपीएस के लिए हुआ चयन**

## भरतपुर की बेटी दर्शना सिंह ने यूपीएससी में लहराया परचम, हासिल की 383 वीं रैंक

**एमसीबी, जनकपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 के परिणाम घोषित होते ही जनकपुर में दर्शना सिंह के घर एवं पूरे नगर व एमसीबी जिले सहित पूरे सरगुजा संभाग में खुशी की लहर दौड़ गयी। एमसीबी जिले के जनकपुर निवासी दर्शना सिंह (ग्रेसी) ने यूपीएससी की परीक्षा में 383 वीं रैंक हासिल कर जिले व संभाग का मान बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ दर्शना सिंह का चयन आईपीएस के लिए हुआ है। घोषित हुए यूपीएससी के परिणाम में दर्शना सिंह चयनित होकर अपने माता-पिता के साथ ही प्रदेश का नाम रोशन किया है। अपने गांव भगवानपुर से ही स्कूल की पूरी पढ़ाई करने वाली दर्शना सिंह ने 383 वां रैंक के साथ आईपीएस के लिए अपना स्थान चयन सूची में बनाया है। दर्शना सिंह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद यह सफलता हासिल की है।

दर्शना सिंह जब पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी तभी से उन्होंने अपने मन में प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना पाल लिया था। अपने सपने को पूरा करने के लिए दर्शना सिंह ने बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली चली गई। दिल्ली से उन्होंने एक साल तक रहकर यूपीएससी के लिए कोचिंग किया। सालभर बाद वह कोचिंग के नोट्स को दोहराती रहीं। दर्शना सिंह एमसीबी जिले के जनकपुर की रहने वाली है। उनकी माता सीमा सिंह नगर पंचायत जनकपुर की पार्षद हैं, जबकि उनके पिता अरुण सिंह किसान एवं शासकीय राशन दुकान के बिक्रेता है। दर्शना सिंह ने



बारहवीं तक की पढ़ाई अपने पुश्तैनी गांव भगवानपुर के स्कूल से की है। उन्होंने गणित विषय लेकर 12 वीं की परीक्षा में टॉप की थी फिर जेईई एग्जाम निकालकर आईआईटी कानपुर में एडमिशन लिया। आईआईटी कानपुर से दर्शना सिंह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर पहले प्रयास में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा निकालकर साक्षात्कार तक पहुंची पर उनका अंतिम चयन नहीं हो पाया। उन्होंने हार नहीं मानी और फिर से दूसरा प्रयास किया। दूसरे प्रयास में दर्शना 383 वां रैंक के साथ आईपीएस के लिए चयनित हो गईं। दर्शना सिंह का कहना है कि वह फिलहाल आईपीएस तो ज्वाइन करेंगी और आईपीएस की ट्रेनिंग लेने के साथ ही आईएएस बनने के लिए आगे भी प्रयास करेगी, यदि किसी वजह से आईएएस में चयनित नहीं हो पाई तो एक ईमानदार और बेहतर पुलिस अधिकारी बनने का प्रयास करेंगी। दर्शना सिंह के अनुसार रिजल्ट की चिंता किए बिना निरंतर मेहनत करने से एक न एक दिन सफलता जरूर मिल जाती है।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और रीढ़ हैं। कार्यकताओं की लगन, मेहनत और समर्पण के दम पर ही आगामी विधानसभा चुनाव में सुरजपुर जिले की तीनों विधान सभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय दिलाने के संकल्प के साथ हम आगे काम करेंगे। सूरजपुर जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की प्रथम विस्तारित बैठक तथा होली मिलन समारोह का आयोजन कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बड़ी उपस्थिति के बीच किया गया। बैठक के उपरांत तीनों विधानसभा से पहुँचे कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर रंगोत्सव की सभी को बधाई दी। इस दौरान महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला बैठक में सुश्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अज़ियान के तहत उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ की बड़ी सफलता 18 गुम मोबाइल फोन बरामद

**एमसीबी।** जिले में गुम या चोरी हुए मोबाइल फोनों की तलाश के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ को उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक साइबर सेल द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की खोज के लिये विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में साइबर सेल टीम ने तकनीकी संसाधनों और सूझबूझ का उपयोग करते हुए कुल 18 गुम मोबाइल फोन बरामद किये जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 57 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोबाइल गुम होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल की टीम ने आधुनिक तकनीक और सर्विलांस सिस्टम की मदद से मोबाइल फोनों को ट्रेस करने की कार्यवाही शुरू की। लगातार प्रयास और तकनीकी विश्लेषण के बाद टीम को सफलता मिली और विभिन्न स्थानों से कुल 18 मोबाइल फोन बरामद किये गये। बरामद किये गये सभी मोबाइल फोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि उनका गुम हुआ मोबाइल फोन दोबारा मिल सकेगा लेकिन साइबर सेल की सक्रियता और मेहनत से यह संभव हो पाया। मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने मनेन्द्रगढ़ पुलिस, साइबर सेल टीम और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यवाही से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत होती है।

# शराब के नशे में पति ने की पत्नी की हत्या

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चनवारीडांड में घरेलू विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है जहां शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना 5 मार्च की है।

घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका सुब्रतिया बाई (42 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 3 चनवारीडांड अपने दूसरे पति राज पेंटर के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन आरोपी राज पेंटर शराब के नशे में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी का गला दबा दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस की सक्रियता के चलते घटना के महज कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी राज पेंटर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

मृतिका के शव को पंचनामा कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण घरेलू विवाद और आरोपी का नशे में होना सामने आया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और पुलिस आगे की वैधानिक कार्यवाही कर रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडे, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, प्रिंस राय आरक्षक शहबाज़ की सराहनीय भूमिका रही।

## महतारी गौरव वर्ष में सशक्त हो रही छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी पहल की जा रही हैं।

मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की है। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बनते हुए समाज में नई पहचान स्थापित कर रही हैं।

**समूह की चार सखियों ने बदल दी ग्राम पंचायत में तस्वीर**

# ग्राम पंचायत बुड़ार में स्वच्छता की अलख जगाकर बनीं प्रेरणा

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडार की चार महिलाएँ अपने अथक समर्पण, मेहनत और एकजुटता के कारण पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। ग्राम पंचायत में रहने वाली श्रीमती अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल ने ग्राम पंचायत में प्रेरणा का एक नया माहौल बनाया है। ये महिलाएँ पिछले लगभग तीन वर्षों से स्वच्छता दीदी के रूप में लगातार कार्य कर रही हैं और गाँव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



स्वच्छता दीदी बनकर ये महिलाएँ सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को गाँव के घर-घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करती हैं। वे लोगों को समझाती हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने से गाँव स्वच्छ रहता है और कचरे का सही प्रबंधन संभव होता है। कार्य के प्रारंभिक दिनों में इन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। गाँव के बहुत से लोग कचरा अलग-अलग देने के लिए तैयार नहीं थे और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी कम थी। लेकिन इन महिलाओं ने धैर्य, मेहनत और निरंतर प्रयास से घर-घर जाकर लोगों को समझाया। धीरे-धीरे ग्रामीणों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया और अब गाँव के प्रत्येक रहवासी नियमित रूप से कचरा देने लगे हैं। जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल बना है। इन महिलाओं ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से उन्हें कबाड़ी का काम करने वाले व्यवसायी से भी जोड़ा गया, जिससे वे सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं। इस कार्य से प्रत्येक महिला को लगभग 2 से 3 हजार रुपए प्रति माह की आय प्राप्त होती है। अब तक ये चारों महिलाएँ मिलकर लगभग 2.5 लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना भी बढ़ी है। इन महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत उनकी आपसी एकता और संगठन है, जिसके कारण वे मिल-जुलकर अपने कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं। इनके लगातार प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इन महिलाओं को एक ई-रिक्शा भी प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें कचरा संग्रहण के कार्य में काफी सुविधा मिल रही है। इस ई-रिक्शा के माध्यम से अब वे आसानी से घर-घर से कचरा एकत्र कर पाती हैं और अपने कार्य को और अधिक प्रभावी तरीके से कर रही हैं। इन महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मन में दृढ़ संकल्प हो, एकता हो और समाज के लिए कुछ करने की भावना हो, तो सकारात्मक परिवर्तन अवश्य लाया जा सकता है। आज अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल अपने गाँव में स्वच्छता की एक मिसाल बन चुकी हैं और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इनका यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी मेहनत यह संदेश देती है कि संकल्प, सहयोग और निरंतर प्रयास से गाँव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

## बरबसपुर से जनपद सदस्य रीना अग्रवाल का वादा, जनता को विकास कार्यों का दिया भरोसा

**एमसीबी।** क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर बरबसपुर से जनपद सदस्य रीना सुरेन्द्र अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया है कि आने वाले समय में गांव और आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस भरोसे पर खरा उतरना उनका पहला कर्तव्य है। रीना अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वच्छता और शिक्षा से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिये प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का भी जल्द निराकरण किया जायेगा



ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद क्षेत्र के सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्य कराये जाएंगे और किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिये भी विशेष प्रयास किये जाएंगे। रीना अग्रवाल ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में सहयोग और सुझाव देते रहें ताकि क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिये मिलकर काम किया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बरबसपुर क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने के लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा।

# 60 लाख के डब्लूएमएम सड़क की गिट्टियां उखड़ रही, आवाजाही में परेशानी

## पीडब्ल्यूडी ने जिले के सरमा क्षेत्र में कराया है यह काम



**कोरबा।** जिले के पौड़ी उपरौड़ा सब डिवीजन में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर चर्चा है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सरमा ग्राम पंचायत में हाल ही में बनाई गई सड़क की गुणवत्ता पर लोगों ने एतराज जताया हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण सड़क की वेट मिक्स मेकडम परत बिछते ही उखड़ने लगी है। वही लोक निर्माण विभाग का दावा है कि पैरामीटर के तहत मौके पर मटेरियल डालने के साथ आवश्यक कार्य किए गए । समस्या क्यों आ रही है यह जरूर देखेंगे।

इस विषय पर तरुण छत्तीसगढ़ को जो जानकारी सूत्रों से उपलब्ध हुई है, उसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत सरमा से सुखरीताल तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क में हाल ही में वेट मिक्स मैकडम की परत बिछाई गई है। विभागीय जानकारी के मुताबिक इस सड़क के निर्माण पर करीब 60 लाख रुपये की लागत आ रही है। लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि डब्लूएमएम परत बिछाते समय न तो पर्याप्त मात्रा में पानी का छिड़काव किया गया और न ही रोलर से ठीक तरीके से दबाव बनाया गया। सड़क निर्माण की इस प्रक्रिया में बरती गई लापरवाही के कारण गिट्टियां मजबूती से जम नहीं पाईं और अब सड़क पर जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर चलते समय गिट्टियां इधर-उधर छिटक रही हैं, जिससे राहगीरों और बाइक सवारों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई जगहों पर गिट्टियों के ढीले होने से सड़क की सतह असमान हो गई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जांच कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कुछ ही समय में सड़क पूरी तरह खराब हो सकती है और सरकार की लाखों रुपये की राशि व्यर्थ चली जाएगी। फिलहाल सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण को लेकर बहस छेड़ दी है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराएगा और सड़क निर्माण की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करेगा।

### आगे पीएमजीएसवाय में जोड़ने का प्रस्ताव

इस मामले में विभाग का कहना है कि फिलहाल सड़क पर केवल ड्ब्रूरू परत बिछाई गई है। आगे बजट मिलने पर इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर डामरीकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य अभी अंतिम चरण में नहीं है और आगे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क को स्थायी रूप दिया जाएगा।

## नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से कांग्रेसी मिले

**कोरबा।** आज कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से जिला ग्रामीण कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जाकर मुलाकात की। उनसे जिला महामंत्री गोपाल यादव, परमानंद सिंह, प्रदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, मधुसुदन दास सहित कई कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर दिशा-निर्देश प्राप्त किया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने पिछले दिनों जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। अब नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय हो गया है।

## वनमण्डल महिलाओं के सम्मान में कर रहा कार्यक्रम

**कोरबा।** महिला दिवस पर कटघोरा वनमंडल द्वारा आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें नगर पंचायत छुरी के अध्यक्ष पदमिनी देवांगन सहित महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

महिलाओं के साथ महिलाओं को सम्मान करते हुए साल व श्रीफल दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, पियूष अग्रवाल, रवि साहू, जय गर्ग, टीकैतराम डोंगरे, रमेश श्रीवास, अनुराग दुलानी जुटे हुए है। आज महिला दिवस पर कटघोरा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये है। जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस



**कोरबा।** कोरबा से रायपुर के बीच रोजाना चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा बिलासपुर के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी। बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना पर किए जा रहे कार्य को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कई गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में बिलासपुर चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्रीनॉन-नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। कार्य को लेकर 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 5 से 11 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले कुछ ट्रेने समाप्त व प्रारम्भ होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा-रायपुर के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को पैसेंजर के रूप चलाई जाएगी। कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी।

# एचएमएस ने पहली बार महिला कर्मी को बनाया यूनिट प्रमुख



**कोरबा।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर हिंद मजदूर संगठन ने महिला नेतृत्व को बढ़ावा देते हुए युवा महिला भावना महतो को संगठन की कमान सौंप दी है। एचएमएस कार्यालय गेवरा में स्टेयरिंग कमेटी चुनाव के संबंध में आम सभा आयोजित की गई। बैठक में गेवरा एरिया के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, गेवरा एरिया सेफ्टी बोर्ड मेंबर आर.एस. तिवारी तथा गेवरा एरिया उप महामंत्री एस.सी. मंसूरी उपस्थित रहे। आम सभा में सर्वसम्मति से सुश्री भावना महतो को गेवरा क्षेत्रीय इकाई का अध्यक्ष चुना गया, वहीं संगठन के वरिष्ठ सदस्य रविंद्र कुमार स्वर्णकार को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर गेवरा क्षेत्रीय इकाई से प्रमुख रूप से प्रकाश प्रधान, रमाकांत राठौर, भास्कर चटर्जी, जागेश्वर दास मानिकपुरी, फिरत राम, अक्षय कुमार, अनिल साहू, उमेश्वर सिंह नर्मदा, हीराराम राठौर, राकेश कुमार शिवहरे, दिनेश्वर, उमेंद्र राम, विनोद कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

## पेंडेंसी दूर करने का काम जारी है थानों और चौकियों में

**कोरबा।** कैलेन्डर वर्ष 2025 के अंतिम समय तक जिले की पुलिस ने विभिन्न प्रकार के लंबित अपराधों और उनमें अगली प्रक्रियाओं को यथा संभव निराकृत करने की कोशिश की। इस मामले में काफी हद तक पुलिस महकमा सफल रहा। फिर भी बहुत सारे मामले लंबित है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ऐसे मामलों को चिन्हांकित करने के साथ उनका निराकरण जारी है। निश्चित समय सीमा इसके लिए तय की गई है।

# बकाया बिलों के निपटान के लिए सीएसपीडीसीएल ने लाई योजना



**कोरबा।** सीएसपीडीसीएल समाधान योजना-2026 अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार लंबे समय से बकाया बिजली बिल से परेशान लोगों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने बकाया बिजली बिलों के निपटारे के लिए 'समाधान योजना-2026' लागू कर दी है।

इस योजना के तहत बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। यानी यदि किसी उपभोक्ता पर लंबे समय से बिजली बिल का अधिभार जुड़ता जा रहा था, तो अब उसे पूरी तरह माफ किया जा सकता है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, यह योजना उन उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शुरू की गई है जिनके बिजली बिल लंबे समय से बकाया हैं। साथ ही इसका उद्देश्य पुराने बकाया की वसूली को आसान बनाना भी है। उपभोक्ता 31 मार्च तक अपने बकाया बिल जमा कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। समाधान योजना के तहत अलग-अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए अलग राहत तय की गई है। इसके अंतर्गत बीपीएल उपभोक्ता का मूल बकाया राशि में 75% तक छूट और सरचार्ज में 100% छूट, घरेलू उपभोक्ता का मूल राशि में 50% तक छूट और सरचार्ज में 100% छूट, कृषि उपभोक्ता (स्थायी व अस्थायी) की मूल राशि में 50% तक छूट और सरचार्ज में 100% छूट दी जा रही हैं। इस योजना की एक खास बात यह है कि उपभोक्ता को एकमुश्त भुगतान की बाध्यता नहीं होगी। यदि कोई उपभोक्ता पूरी राशि एक साथ जमा नहीं कर सकता तो वह किस्तों में भी बकाया बिजली बिल जमा कर सकता है। इसके लिए पंजीयन के समय कुल बकाया राशि का कम से कम 10 प्रतिशत जमा करना होगा। बाकी राशि तय किस्तों में जमा की जा सकेगी। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिजली कंपनी ने ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था भी की है। उपभोक्ता सीएसपीडीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद योजना के तहत मिलने वाली छूट स्वतः लागू हो जाएगी।

## क्रिकेट का रोमांच दिखेगा अप्पू गार्डन में

**कोरबा।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज तक दिन किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताबी मुकाबले में जब भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी, तो उस रोमांच को दोगुना करने के लिए अप्पू गार्डन (Appu Garden) प्रबंधन ने एक भव्य 'ऑफिशियल फैन पार्क' का आयोजन किया है। अप्पू गार्डन, जो अपनी सुंदरता और सुकून के लिए जाना जाता है, अब 8 मार्च को क्रिकेट के दीवानों के शोर और जोश से सराबोर रहेगा। प्रबंधन ने इस मेगा इवेंट को यादगार बनाने के लिए खास तैयारियां की हैं। अप्पू गार्डन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दर्शकों को स्टेडियम जैसा अनुभव देने के लिए निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशाल प्रोजेक्टर स्क्रीन्स: मैच का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन्स पर किया जाएगा, ताकि दर्शक हर एक गेंद, विकेट और चौके-छक्के का आनंद स्पष्टता के साथ ले सकें।

# पुराने को डिस्मेंटल कर नगर निगम बनायेगा नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट



**कोरबा।** निगम की जल आवर्धन योजना फेस-1 से छूटी बस्तियों और मोहल्लों में पानी पहुंचाने डीएमएफ से 36 करोड़ की मंजूरी मिली है। इसके लिए 30 करोड़ का टेंडर जारी कर किया गया है। टेंडर 18 मार्च को खुलेगा। योजना के तहत 6 एमएलडी के पुराने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को डिस्मेंटल कर 20 एमएलडी क्षमता का नया प्लांट बनाया जाएगा। इसके साथ दादर, रूमगरा और ईमलीडुग्गू में नई पानी टंकियां बनेगी। इसका फायदा 10 वाडों की 58 हजार आबादी को मिलेगा।

जल आवर्धन योजना फेस-1 वर्ष 2014 में पूरी हो गई थी। 132 करोड़ रुपए की योजना में 42 वाडों को शामिल किया गया था। इसके बाद जल आवर्धन योजना फेस-2 पश्चिम क्षेत्र के 25 वार्डों के लिए बनाई गई थी। इसमें 229 करोड़ 36 लाख र रुपए की राशि खर्च की थी। फेस-1 का काम जब पूरा हुआ, उस समय आबादी कम थी और बस्तियां भी नहीं बनी थीं। 10 साल में वार्डों के क्षेत्रों का विस्तार हो गया। इसके साथ ही पानी टंकियों की क्षमता कम होने से अंतिम छोर तक प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच पाता है। इसी वजह से विस्तार के लिए योजना बनाई गई है। 10 वार्डों की आबादी अभी 57,740 है। 15 साल में यह बढ़कर 86 हजार तक पहुंच जाएगी। इस योजना को 30 साल आगे आबादी के हिसाब से बनाया गया है। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। इसके लिए ही 6 एमएलडी क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट को डिस्मेंटल कर 20 एमएलडी का बनाया जाएगा। अभी 79 एमएलडी क्षमता का प्लांट है। नए प्लांट से क्षमता 93 एमएलडी हो जाएगी। इमलीडुग्गू के खंडाला बस्ती, मोती सागरपारा के नीचे मोहल्ला, दादर के डेलवाडीह जैसे बस्तियों में पूरे प्रेशर के साथ पानी पहुंचेगा। इससे गर्मी के दौरान लोगों को पानी की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगा। निगम गर्मी के समय बिजली बस्तियों में 6 टैंकर से पानी आपूर्ति करता है। इसके अलावा इन बस्तियों में बोर से पानी आपूर्ति की जा रही है। सबसे अधिक समस्या गर्मी के मौसम में 4 महीने रहती है। इस योजना से आगे समस्या नहीं होगी। सुनालिया पानी टंकी से इमलीडुग्गू, बरबसपुर तब पानी आपूर्ति की जाती है। इसकी दूरी ही करीब 7 किमी है। इसी तरह बालको से रूमगरा तक पानी की आपूर्ति होती है। इसके कारण प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच पाता। इसी वजह से नई पानी टंकियां बनेगी। इसके बाद समस्या नहीं रहेगी।

## अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति के आदेश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी को निर्देशित किया कि अस्पताल में रक्त जांच के लिए लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने उपलब्ध दवाओं की जानकारी लेते हुए अन्य आवश्यक दवाइयां सीजीएमएससी के माध्यम से मंगाने के निर्देश दिए।

## निगरानी के लिए कोरबी बस स्टेण्ड में लगा सीसी टीवी कैमरा

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने कोरबी बस स्टैंड को अब सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया है। बस स्टैंड के प्रमुख स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से परिसर गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। सड़क पर वाहनों की आवाजाही पर भी निगरानी रहेगी। यातायात विभाग की पहल पर किए गए इस कार्य का मुख्य उद्देश्य बस स्टैंड में होने वाली चोरी, झगड़े-विवाद, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करना है। कैमरों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रखी जा सकेगी और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस कार्रवाई भी आसानी से कर सकेगी। यात्रियों ने इस पहल का स्वागत कर कहा कि बस स्टैंड में सीसी कैमरे लगने से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी।

# सफल शिक्षक बनने के लिए एक अच्छा वक्ता होना जरूरी: बोपापुरकर

## कमला नेहरू महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के लिए विदाई समारोह आयोजित

**कोरबा।** एक सफल शिक्षक बनने के लिए एक अच्छा वक्ता होना जरूरी है और लोगों के बीच वही जगह बना पाता है, जो बोलने की कला में माहिर होता है। यह मंच हमारे भीतर आत्मविश्वास भरने के साथ शांत व्यक्तित्व और एक अच्छा वक्ता बनने का भरपूर अवसर देता है। यह गुण वही सीख पाता है, जो मंच पर आकर खुद की खूबियों को प्रस्तुत करने सदैव उत्साहित व उत्सुक रहता है। छात्र अध्यापक की मौजूदा भूमिका में आने वाले सुनहरे कल के लिए आप सभी मेरी एक बात गांठ बांध लें कि आपके माता-पिता ने बड़ी आशाओं के साथ आप पर अपनी गाढ़ी कमाई लगाई है। उनके विश्वास पर हर हाल में खरा उतरकर दिखाना अब आपका दायित्व है।

यह बातें शनिवार को कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। परंपरा के अनुरूप सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ मां वीणापाणि के पूजन-अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बीएड प्रथम की छात्रा नियती गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बीएड द्वितीय वर्ष के वरिष्ठ विद्यार्थियों कमल अजय, अमीषा कंवर, अक्षय प्रधान एवं ज्योति पटेल ने महाविद्यालय में गुजरे दिनों के अपने अनुभव साझा किए। बीएड प्रथम की छात्रा तान्या श्रीवास ने भी सुमधुर गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षा संकाय की विभाग प्रमुख डॉ भारती कुलदीप, डॉ रश्मि शुक्ला, डॉ अंजू खेस्स, प्रीति द्विवेदी, नितेश कुमार यादव, राकेश गौतम, शंकरलाल यादव, कुणाल दासगुप्ता व शिक्षा संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन की जिम्मेदारी बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अल्पा सोनी एवं शिव कुमार ने निभाई। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर एवं विभाग प्रमुख डॉ भारती कुलदीप ने अध्ययन-अध्यापन, स्वीप प्लान, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक स्पर्धाओं एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र अध्यापकों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इनमें शिक्षा सत्र 2022-23 में प्रावीण्य सूची में रहीं मुक्ता सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने पर आंचल राठौर, स्वाति निर्मलकर, सपना रानी, सरिता चैहान, राजेश्वरी, सुजाता यादव, मनीषा जायसवाल, प्रतिमा चैहान, राधिका सोनी एवं ममता पैगवार समेत अन्य छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर शिक्षकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# एनकेएच में महिलाओं को मिला निःशुल्क ओपीडी परामर्श



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया। शनिवार 7 मार्च को आयोजित इस शिविर में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

अस्पताल परिसर में आयोजित इस शिविर में महिला मरीजों को निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ ही महिलाओं की विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी गई, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी जांच कराई और स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। शिविर के दौरान अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने महिलाओं की विस्तृत स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। साथ ही महिलाओं को यह भी समझाया गया कि परिवार और जिम्मेदारियों के बीच अक्सर महिलाएं अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि स्वस्थ समाज के निर्माण में महिलाओं का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। डॉक्टरों ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्त्री रोग, पोषण, हार्मोनल समस्याएं और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में भी महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे समय रहते अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सकें। इस अवसर पर अस्पताल में डायलिसिस करा रही महिलाओं के साथ महिला दिवस का भावनात्मक और प्रेरणादायी आयोजन भी किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इन महिलाओं के साहस, धैर्य और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को सम्मानित किया। बताया गया कि कई महिलाएं पिछले 4 से 5 वर्षों से नियमित डायलिसिस करा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों को पूरी मजबूती और हिम्मत के साथ निभा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि ऐसी महिलाएं समाज के लिए हौसले और संघर्ष की जीवंत मिसाल हैं, जिनकी सकारात्मक सोच और जुझारूपन हर किसी को प्रेरित करता है। न्यू कोरबा हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया जा सके।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com